नई दिल्ली
गुरुवार, 3 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 79
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## बाबा अमरनाथ की यात्रा आज से शुरु

### 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर तक पहुंचेंगे बाबा के भक्त, 38 दिनी यात्रा में तैनात रहेंगे 80 हजार जवान

एजेंसी ⏭ जम्मू

अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने भगवती नगर बेस कैंप से जत्थे को झंडी दिखाई। इस दौरान श्रद्धालु हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगाते रहे। आधिकारिक तौर पर यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होगी। वहीं, पंजाब के पठानकोट से भी यात्रियों के जत्थे को रवाना किया गया। यहां से ⏩ शेष पेज 5 पर

**9 अगस्त को यात्रा का होगा समापन**

*यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन* ⏩ शेष पेज 5 पर

पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान के खिलाफ क्वाड देशों का खुला शंखनाद...


चीन को सख्त संदेश पूर्वी-दक्षिणी चीन सागर में सैन्य बल प्रयोग से न बदली जाए यथास्थिति

यह जानकारी अमेरिका में हुई क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान से मिली है

# समूह ने किया बिना किसी देरी के हमले के आयोजकों और दोषियों को न्याय के कठघरे में खड़ा करने का आह्वान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में बीते मंगलवार को चतुष्कोणीय देशों के समूह 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी सबसे खास बात ये रही कि इसमें पहली बार अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, जापान के विदेश मंत्री तकाशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग ने एकजुटता के साथ न केवल जम्मू-कश्मीर में हुए पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। बल्कि इस बर्बर हमले के आयोजकों, गुनहगारों और वित्तीय मददगारों को बिना एक पल गंवाए न्याय के कटघरे में खड़ा करने का आह्वान किया। इसके अलावा चारों



समूह देशों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सदस्य देशों से भी मामले पर अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक का उद्देश्य मूलरूप से इस साल के अंत में भारत की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले क्वाड ⏩ शेष पेज 5 पर

**म्यांमार संकट के शांतिपूर्ण समाधान के पक्षधर**

*बैठक में म्यांमार के बेहद चिंताजनक संकट और उसके क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंता जाहिर की गई। चारों देशों के विदेश मंत्रियों ने म्यांमार के मौजूदा सैन्य शासन से संघर्षविराम की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहने, सभी पक्षों से इसका क्रियान्वयन करने और मामले पर व्यापक कदम उठाने पर बल दिया। क्वाड ने आसियान के प्रयासों का समर्थन किया। जिसमें इस संकट का एक समावेशी, स्थायी और शांतिपूर्ण हल निकालने के लिए पांच बिंदुओं पर आधारित आम सहमति बनाने को मजबूती के साथ समर्थन प्रदान किया गया। समूह ने सभी पक्षों से मानवीय सहायता को म्यांमार तक सुरक्षित ढंग से बिना किसी बाधा के पहुंचने देने की अपील की। क्षेत्रीय सुरक्षा पर इस संकट के प्रभावों और इससे सीमापार अपराधों के बढ़ने को लेकर चारों देशों के विदेश मंत्री चिंतित नजर आए।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### सीयूईटी यूजी का रिजल्ट 4 जुलाई को होगा जारी

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट



अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी यूजी) 2025 की तारीख का ऐलान कर दिया है। एनटीए द्वारा एक्स पर बताया गया कि रिजल्ट 4 जुलाई को जारी होगा। छात्र अपना रिजल्ट सीयूईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकेंगे।

### पद्म पुरस्कारः नामांकन की अंतिम तारीख 31

**नई दिल्ली।** पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक



सम्मानों में शामिल हैं। इसके नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई तय की गई है। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

परंपरागत अंदाज में स्वागत के साथ पीएम की अगवानी करने के लिए पहुंचे घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा

# अपनी विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में घाना पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में बुधवार को घाना की राजधानी अक्रा पहुंचे। जहां हवाईअड्डे पर न केवल उनका परंपरागत अंदाज में रेड कार्पेट बिछाकर भव्य स्वागत किया गया। बल्कि उनके सम्मान में अपनी विशेष भावना को प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने स्वयं पीएम की अगवानी की। दोनों नेताओं की हवाईअड्डे पर एक-दूसरे को गले लगाकर अभिवादन स्वीकार करने की तस्वीर सोशल मीडिया पर भी नजर आई। प्रधानमंत्री ने भी अपनी एक्स पोस्ट में घाना पहुंचने का तस्वीरों के साथ दिए गए संदेश में उल्लेख किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बीते तीन दशक में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा है।

हवाईअड्डे पर किया गया उनका विशेष स्वागत दोनों देशों के बीच मौजूद मजबूत और ऐतिहासिक संबंधों को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस यात्रा से भारत और घाना के बीच की मौजूदा भागीदारी को और अधिक गहराई प्रदान करने में मदद मिलेगी। साथ ही यह यात्रा अफ्रीका और वैश्विक दक्षिण के भागीदार देशों के साथ संबंधों को मजबूती प्रदान करने से जुड़ी हुई भारत की गतिविधियों के प्रति प्रतिबद्धता को भी प्रमाणित करती है। आगामी समय में घाना के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण बैठकें भी होंगी, घाना की संसद को वह संबोधित करेंगे। जिसके बाद पीएम मोदी अपनी यात्रा के अगले पड़ाव के रूप में त्रिनिदाद-टोबैगो का रुख करेंगे। जहां प्रधानमंत्री का प्रवास 3 से 4 जुलाई 2025 तक रहेगा।



**संसद में संबोधन सम्मान की बात**

*वहीं, प्रधानमंत्री ने 2 जुलाई को घाना, त्रिनिदाद-टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया जैसे पांच देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए अपने प्रेस वक्तव्य में इन सभी पांचों देशों में अपनी यात्रा के दौरान होने वाली गतिविधियों, बैठकों और भारत के साथ इनके संबंधों का विस्तार के साथ उल्लेख किया। घाना को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति महामा के निमंत्रण पर मैं 2 से 3 जुलाई तक घाना की यात्रा पर रहूंगा। उन्होंने घाना को ग्लोबल साउथ का एक अहम मूल्यवान भागीदारी भी बताया। साथ ही कहा कि घाना की अफ्रीकी संघ तथा पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय में एक महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं घाना के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करने तथा निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास साझेदारी के क्षेत्रों सहित सहयोग के नए अवसर खोलने के उद्देश्य से अपने आदान-प्रदान की आशा करता हूं। मेरे लिए सहयोगी लोकतांत्रिक देशों के रूप में घाना की संसद में दिया जाने वाला मेरा संबोधन सम्मान की बात होगी।*

**मजबूत होगी ग्लोबल साउथ संग मित्रता**

*प्रधानमंत्री ने विश्वास जताते हुए यह भी कहा कि 5 देशों की मेरी यात्राएं ग्लोबल साउथ में हमारी मित्रता को मजबूत करेंगी। इसके अलावा अटलांटिक के दोनों किनारों पर हमारी साझेदारी को सुदृढ़ करेंगी और ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, पश्चिमी अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय व कैरेबियाई समुदाय जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ जुड़ाव को प्रगाढ़ करेंगी।*

**भारत ब्रिक्स के लिए प्रतिबद्ध**

*उन्होंने इस यात्रा के एक बेहद अहम पड़ाव ब्राजील का जिक्र करते हुए कहा कि 6 से 7 जुलाई तक मैं रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। भारत उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक जरूरी मंच के रूप में ब्रिक्स के लिए प्रतिबद्ध है। हम साथ मिलकर अधिक शांतिपूर्ण, न्यायसंगत, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक, बहुध्रुवीय व्यवस्था के लिए प्रयास करते हैं। शिखर सम्मेलन के अवसर पर मैं कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात करूंगा। साथ ही ब्राजील की राजधानी की यात्रा भी होगी। जो कि राष्ट्रपति लूला के साथ दोनों देशों की घनिष्ठ साझेदारी और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर काम करने का अवसर प्रदान करेगी।*

सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

## 2000 करोड़ की कंपनी का 90 करोड़ के कर्ज के बदले किया गया अधिग्रहण

- *ईडी ने अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन का किया दावा*
- *एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया*



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल, ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया।

असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपए है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। एसवी राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया। यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया। यह एक साजिश के तहत किया गया। ईडी ने कहा कि कांग्रेस ने न ही ब्याज दिया और न ही जमानत और 90 करोड़ के कर्ज को सिर्फ 50 लाख में बेचा गया। सोनिया गांधी और राहुल ⏩ शेष पेज 5 पर

**यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी**

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

## बीएल संतोष ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सशक्त मंडल सशक्त बूथ का मंत्र दिया

- *भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संतोष ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति का किया अनावरण*
- *गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में बीएल संतोष ने पार्टी संगठन में समन्वय-संवाद बढ़ाने और संगठनात्मक विस्तार पर दिया जोर*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने बुधवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़,संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक मुकेश शर्मा, तेजपाल तंवर, बिमला चौधरी, जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, अजीत यादव मौजूद रहे।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष ने कार्यकर्ताओं से डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा न केवल विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, बल्कि सबसे बड़ी विचारधारा भी है। मूर्ति अनावरण के पश्चात राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और संगठन मंत्री ने मंडल अध्यक्षों और पार्षदों की बैठक ली। बैठक में प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, गुरुग्राम ग्रामीण जिला अध्यक्ष अजीत यादव भी मौजूद रहे। संतोष ने कार्यकर्ताओं को सशक्त मंडल, सशक्त बूथ का मंत्र दिया और भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। मंडल अध्यक्षों और पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट एक-एक करके बैठक में रखी। सभी नेताओं ने भाजपा मंडल अध्यक्षों और पार्षदों के कार्यों पर संतुष्टि जताई और आगामी संगठनात्मक विषयों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री ने पार्टी संगठन में समन्वय-संवाद बढ़ाने और संगठनात्मक विस्तार पर जोर दिया तथा राजनीति को सेवा का माध्यम बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल ⏩ शेष पेज 5 पर

सबसे ज्यादा मांग वाले समय में बेस किराए का दोगुना चार्ज करने की केंद्र सरकार ने दी अनुमति

## 'पीक ऑवर्स' के दौरान अब दोगुना किराया वसूल सकेंगी कैब कंपनियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2025 के लिए मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइंस जारी की हैं। इन गाइडलाइंस के तहत कैब एग्रीगेटर्स (जैसे ओला, उबर वगैरह) को अब पीक ऑवर्स यानी सबसे ज्यादा मांग वाले समय में बेस किराए का दोगुना चार्ज करने की अनुमति मिल गई है। पहले ये सीमा 1.5 गुना थी। वहीं, नॉन-पीक ऑवर्स में न्यूनतम किराया बेस फेयर का 50 प्रतिशत रखना अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश 2025 में कहा है कि एग्रीगेटर को आधार किराये से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा उप-खण्ड (17.1) के तहत निर्दिष्ट ⏩ शेष पेज 5 पर

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और एम्स के शोध में दावा

## कोरोना वैक्सीन और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और एम्स ने मिलकर एक अध्ययन किया है, जिसके आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। देश में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं और खासकर कोरोना महामारी के बाद इनमें खासी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोरोना वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावकारी है और इसके दुर्लभ ही किसी पर गंभीर परिणाम दिखे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ⏩ शेष पेज 5 पर

श्रीनगर में उच्चस्तरीय बैठकों में होंगे शामिल, कृषि, ग्रामीण विकास और शैक्षणिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान आज और कल जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज 3 और कल 4 जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान चौहान उच्चस्तरीय बैठकों की अध्यक्षता करेंगे और कृषि, ग्रामीण विकास व शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। बृहस्पतिवार 3 जुलाई को सुबह शिवराज सिंह चौहान श्रीनगर स्थित सिविल सचिवालय में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर में प्राकृतिक खेती एवं राष्ट्रीय तिलहन मिशन पर कृषि एवं किसान कल्याण ⏩ शेष पेज 5 पर

## चुनाव आयोग ने दलों से कहा वोटर लिस्ट पर जो काम हो रहा है उसकी निगरानी करें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हुआ वही जो तय था। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात कर बिहार में चुनाव से ठीक पहले हो रहे विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) से संबंधित मुद्दों पर अपनी शंका, आपत्ति दर्ज की तो आयोग ने उन्हें संवैधानिक व्यवस्था में आयोग को दिये गए लिखित अधिकारों की पुस्तिका पकड़ा दी। फिर उनसे पूछा, आप बताएं आयोग कहाँ और कौन सा गैर कानूनी, गैर संवैधानिक कार्य कर रहा है। आयोग वही कर रहा है जो आयोग का कर्तव्य है। अधिकार है। चर्चा के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आज निर्वाचन आयोग के मुख्यालय में मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त ⏩ शेष पेज 5 पर

अमेरिका का वीजा लेने के लिए सख्त नियमों का करना पड़ेगा पालन

# नए नियमों से एफ-1, जे-1 वीजा की इच्छा रखने वालों के लिए यूएस में निवास की अवधि सीमित करने की है तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका का मौजूदा ट्रंप प्रशासन यूएस वीजा के मामले में दुनिया के किसी भी देश को कोई रियायत देने के मूड में नजर नहीं आ रहा है। बल्कि उनकी तरफ से इससे संबंधित नियमों को पहले के मुकाबले जितना हो सके उतना सख्त किया जा रहा है।

ताजा जानकारी के मुताबिक, अमेरिका का वीजा हासिल करने की इच्छा रखने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों, जिनमें भारतीय भी शामिल हैं। उन्हें आगामी वक्त में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के सख्त वीजा नियमों का सामना करना पड़ सकता है। जिसमें मुख्य रूप से एफ-1 (अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा) और जे-1 (एक्सचेंज विजिटर वीजा) वीजा वाले आवेदकों के लिए संभावना है कि उनका अमेरिका में प्रवास सीमित कर दिया जाए। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से अमेरिका में भारतीय छात्रों की कुल संख्या 3 लाख से अधिक है। जो कि दुनिया के किसी अन्य देश के मुकाबले यूएस में वैश्विक छात्रों की सबसे ज्यादा संख्या के रूप में जानी जाती है। इस लिहाज से उक्त निर्णय का भारत पर अधिक प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना है।

**यूएस में भारतीय छात्र 3 लाख से अधिक**




**पहले ही अपने तेवर दिखा चुका दूतावास**

*यहां बता दें कि भारत में अमेरिका के दूतावास ने पहले ही जारी किए गए अपने कई बयानों में दो टूक अंदाज में यह साफ कर दिया है कि उनका देश अवैध प्रवासियों के साथ बेहद सख्ती के साथ निपटेगा। अमेरिका का वीजा किसी प्रकार का कोई अधिकार नहीं है। बल्कि यह एक विशेषाधिकार है। जिसके तहत ऐसा कतई नहीं है कि एक बार किसी को वीजा जारी किए जाने के बाद अमेरिकी प्रशासन द्वारा उसकी जांच पड़ताल खत्म हो जाएगी। अगर किसी व्यक्ति ने अमेरिका के कानूनों का उल्लंघन किया तो न केवल उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बल्कि उसका वीजा रद्द करके भविष्य में भी उसे अमेरिका का वीजा देने से पूरी तरह से वंचित कर दिया जाएगा। दूतावास ने वीजा आवेदकों को आवेदन के साथ ही अपने तमाम सोशल मीडिया खातों की प्राइवेसी सेटिंग को बदलकर पब्लिक करने और हैंडल के यूजरनेम साझा करने को भी कहा है।*

**ट्रंप सरकार से जुड़ा पुराना नियम**

*वीजा में सख्ती का ये नियम शुरुआत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल यानी 2020 में प्रस्तावित किया गया था। वर्तमान में इस बदलाव का प्रस्ताव अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग द्वारा किया गया है। जिसका प्रभाव अंतरराष्ट्रीय छात्रों, एक्सचेंज विजिटर्स और विदेशी मीडिया के प्रतिनिधियों पर पड़ सकता है। अभी* ⏩ शेष पेज 5 पर

### शव हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में फेंका

# युवक की चाकू से गोदकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समयपुर बादली थाना इलाके के हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में एक युवक का चाकुओं से गोदा हुआ शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान व पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवा दिया है। आसपास के थानों को भी इसकी सूचना दी गई है। लापता लोगों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के अनुसार मंगलवार को लगभग तीन बजे समयपुर बादी थाने में जीडी नंबर 59ए के माध्यम से एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हैदरपुर, दिल्ली जल बोर्ड में एक शव पड़े होने की सूचना वहां के कर्मचारी ने सूचना। पीसीआर कॉल प्राप्त होने के पश्चात पुलिस के सीनियर अफसर व कर्मचारी तथा आईओ मुनक नहर, हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर पहुंचे। मौके पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की जाली के पास एक अज्ञात नग्न पुरुष का शव पड़ा था, जिसे बाहर निकाला गया। शव की जांच करने पर पता चला कि मृतक की उम्र करीब 20-22 वर्ष और कद करीब 5'6 सामान्य कद था। शव के गले में सफेद कपड़ा बंधा हुआ था तथा पेट के दाहिनी ओर आंतें बाहर निकली हुई थी। शव पर किसी चाकू नुमा वस्तु से वार के कई निशान थे। क्राइम टीम ने शव व घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। इस संबंध में धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# युवती की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर वायरल करने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर कॉलेज की एक छात्रा की तस्वीरों को अश्लील चित्रों में बदलने और उसके नाम से सोशल मीडिया पर बनाए गए फर्जी अकाउंट में उन तस्वीरों को अपलोड करने के आरोप में 21 वर्षीय एक आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पालम इलाके से पकड़ा है।

डीसीपी दक्षिण-पश्चिम अमित गोयल के अनुसार 16 जून को एक युवती ने शिकायत में कहा था कि आरोपी उसकी तस्वीरों का इस्तेमाल कर रोजाना नए-नए व फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बना रहा है। उस पर अपमानजनक और अभद्र कैप्शन भी हैं। आरोपी के खिलाफ दक्षिण-पश्चिम साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया। डीसीपी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति ने शिकायतकर्ता की सार्वजनिक रूप से उपलब्ध प्रोफाइल फोटो से एआई के माध्यम से छेड़छाड़ की थी। उसने फर्जी अकाउंट का उपयोग करके शिकायतकर्ता और सोशल मीडिया पर उसके फॉलोअर्स को 'फॉलो' अनुरोध भी भेजे, जिसका उद्देश्य उसके सामाजिक दायरे में उसे बदनाम और अपमानित करना था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई छापों और लगातार निगरानी के बाद आरोपी को पालम गांव से पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति का फोन फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है, जिससे यह पता लगाया जाएगा कि क्या उसने अन्य लोगों को भी निशाना बनाया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या :SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10 Date - 30.06.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है। कार्य का नाम : मैकेनिकल वर्कशॉप इज्जतनगर में वैगन पॉकेट यार्ड और शंटिंग लाइनों के विद्युतीकरण से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 2,29,60,966.31, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,64,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 24.07.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 9 Months ● खुली ई–निविदा दिनांक 24.07.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/**
**मुजाधि/विद्युत –73** **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ जामताड़ा से तीन लोग किए अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

10 लाख 80 हजार रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में झारखंड के जामताड़ा से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी खुद को पुलिस अफसर बताकर रेड डालते थे। आरोपियों की गिरफ्तारी से जामताड़ा से साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम मुजफ्फर जिलानी (27), आफताब अंसारी (27) और मोहम्मद इकबाल रजा (24) बताये गये हैं। सभी जामताड़ा के करमाटार के रहने वाले हैं।

डीसीपी दक्षिण पश्चिम अमित गोयल ने बताया कि जामताड़ा पिछले कुछ वर्षों में भारत में संगठित साइबर धोखाधड़ी के केंद्र के रूप में कुख्यात हुआ है। हमने धोखाधड़ी में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन, छह सिम कार्ड और एक डेबिट कार्ड बरामद किया है। पालम निवासी के सी भर्थवाल (49) की शिकायत पर साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। बर्थवाल ने आरोप लगाया कि पांच अप्रैल को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई में एक सरकारी बैंक की क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताते हुए झूठा दावा किया कि उनके क्रेडिट कार्ड से 588.82 रुपये भुगतान हो गए हैं। इसके बाद फोन करने वाले ने पीड़ित पर दबाव डाला कि वह उसके फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके अपना क्रेडिट कार्ड सक्रिय या ब्लॉक कर दें। यह लिंक एक धोखाधड़ी वाली साइट पर ले गया, जो आधिकारिक बैंक पोर्टल जैसा था। इससे अनजान शिकायतकर्ता ने लिंक खोला और अपने कार्ड का विवरण साझा किया। एक दिन बाद पीड़ित को एक और कॉल आया जिसमें और भी ज्यादा निजी जानकारी ली गई। अगले कुछ दिनों में उनके क्रेडिट कार्ड और लिंक्ड बैंक खाते से कथित तौर पर 10 लाख 80 हजार रुपये के अनधिकृत लेनदेन किए गए। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद मामले में जांच शुरू हुई। टीम ने तकनीकी निगरानी की और आरोपियों की पहचान जामताड़ा क्षेत्र में की।

डीसीपी ने बताया कि दो दिन की निगरानी कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। तीनों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया है पूछताछ जारी है।

## मंत्री सिरसा पर गोली चलने की खबरों का पुलिस ने किया खंडन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार को उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि उन पर गोली चलाई गई। सिरसा के अलावा दिल्ली पुलिस ने भी इन खबरों को पूरी तरह से गलत बताया। पुलिस ने इलाके की छानबीन की है और किसी भी तरह की घटना की संभावना से इनकार किया है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया गया कि सिरसा जब पश्चिम दिल्ली के ख्याला और विष्णु गार्डन इलाके के दौरे पर थे तब उन पर निशाना बनाकर गोली चलाई गई थी। सिरसा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया, इस तरह की अफवाह है कि मुझे निशाना बनाकर गोली चलाई गई। यह पूरी तरह से गलत है। पुलिस ने कहा कि सिरसा दोपहर के समय ख्याला इलाके के दौरे पर थे तभी गली में धातु का एक टुकड़ा मिला जो दूर से देखने पर कारतूस का खोल जैसा लग रहा था। पुलिस ने मामले में गहन जांच के बाद पता लगाया कि यह सिलाई मशीन का पुर्जा था।

# शातिर लुटेरा मुठभेड़ में गोली लगने से हुआ घायल




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कई आपराधिक मामलों में वांछित अंतर्राज्यीय लुटेरे को दक्षिण पूर्वी जिले की एसटीएफ और सनलाइट कॉलोनी थाने की संयुक्त टीम द्वारा सराय काले खां में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी ललित उर्फ नेपाली के बाएं पैर में गोली लगी है। इसे साकेत थाने के लूट के मामले में कोर्ट द्वारा 14 साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके पास से एक .32 बोर की सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, चार कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

पुलिस के अनुसार सराय काले खां इलाके में ललित नेपाली के आने का पता चला था। जब आरोपी सराय काले खां आईएसबीटी की तरफ से वेस्ट टू वंडर पार्क की ओर मोटरसाइकिल पर जा रहा था तो पुलिस टीम ने उसे रोक लिया। पुलिस टीम ने उसे आत्मसमर्पण करने को कहा। खुद को घिरा पाकर बदमाश ने अपनी पिस्तौल निकाल ली और भागने के उद्देश्य से बिना किसी उकसावे के पुलिस टीम पर गोली चला दी। एसीपी लाजपत नगर मिहिर सकारिया के सीने पर गोली लगी, लेकिन वे अपनी बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण बच गए। एसआई कुलदीप ने कवर प्रदान किया और एसीपी ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। इस मुठभेड़ में बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई। उसे तुरंत इलाज के लिए निकटतम सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इस ऑपरेशन के दौरान कुल चार राउंड फायर किए गए, जिनमें से दो राउंड आरोपी ललित द्वारा और दो राउंड पुलिस टीम द्वारा चलाए गए। मौके से कुल चार खाली खोखे भी बरामद किए गए। घटना के संबंध में सनलाइट कॉलोनी थाने में मामला दर्ज किया गया है। बदमाश के पास से बरामद की गई मोटरसाइकिल थाना सेक्टर-24, नोएडा के इलाके से चोरी की गई थी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेश**, **पुत्रः** महेश साहनी, **पताः** खसरा नं. 101/912, गली नं 24, सी–ब्लॉक, कमलापुरा, बुराड़ी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 32/23 U/s 33/38 Delhi Excise Act, थानाः कमला मार्केट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया हैं (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 32/23 U/s 33/38 Delhi Excise Act, थानाः कमला मार्केट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नरेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय)**
**कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8350/CD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सोनू गुप्ता पुत्रः दिनेश कुमार गुप्ता, पताः** मकान नं. 15/517–I, बापा नगर, करोल बाग, दिल्ली **FIR No. 177/2018, U/s 356/379/411,** थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू गुप्ता** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू गुप्ता** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 177/2018, U/s 356/379/411,** थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सोनू गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**करणबीर सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02**
**कमरा नं. 26, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8655/CD/2025**
**(Court Matter)**

# हत्या कर शव जलाने का मुख्य आरोपी हरिद्वार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नरेला में हत्या कर शव जलाने का मामला सुलझाते हुये 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को हरिद्वार से पकड़ा गया। वहीं मामले में आरोपी का मोबाइल फोन, अपराध के समय पहने गए कपड़े और एक आधी जली हुई रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार 29 जून को नरेला थाने में डीडी नंबर 30ए के माध्यम से एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें नरेला-बवाना फ्लाईओवर के पास भारत माता स्कूल के पीछे एक खुले मैदान में एक अज्ञात आधी जली हुई लाश पड़ी होने की बात कही गई थी। सूचना तुरंत एएसआई नरेंद्र को दी गई, जो मौके पर पहुंचे और एक युवक का आधा जला हुआ शव पाया। मोबाइल क्राइम टीम और एफएसएल टीम द्वारा अपराध स्थल की सावधानीपूर्वक जांच की गई। मृतक की पहचान कपिल दहिया उर्फ कार्तिक, उम्र 19-20 वर्ष निवासी स्वतंत्र नगर, नरेला के रूप में हुई। जांच के लिये कई टीमों का गठन किया गया। तकनीकी निगरानी की सहायता से पुलिस ने मुख्य संदिग्ध सुमित निवासी स्वतंत्र नगर को हरिद्वार से हिरासत में लिया। लगातार पूछताछ करने पर आरोपी ने कपिल दहिया की नृशंस हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली। उसने अपने सह-आरोपियों विशाल और हरीश की पहचान के साथ-साथ अपराध के पीछे के मकसद का भी खुलासा किया। उसने बताया कि मृतक उसका पड़ोसी था जो अक्सर उसे और उसके बड़े भाई को धमकाता और गाली देता था। आरोपी ने आगे कबूल किया कि मृतक से लगातार मौत की धमकियों के कारण वह अपनी सुरक्षा को लेकर भयभीत हो गया था। खुद को बचाने के लिए उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या करने का फैसला किया था। सह-आरोपी विशाल और हरीश की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# यौन उत्पीड़न की शिकार लड़की ने तेजाब पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में एक लड़की ने यौन उत्पीड़न के बाद तेजाब पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि लड़की जिस व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी उसने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी मोहम्मद रेहान ने कथित तौर पर शादी के बहाने लड़की का यौन उत्पीड़न किया और आपत्तिजनक तस्वीरों के जरिए उसे ब्लैकमेल किया। घटना के बारे में पुलिस को 18 जून को उस वक्त पता चला, जब स्पाइनल इंजरी अस्पताल से एमएलसी रिपोर्ट प्राप्त हुई। रिपोर्ट में कहा गया था कि एक लड़की को तेजाब पीने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंची, लेकिन उस समय लड़की बयान देने की स्थिति में नहीं थी। पुलिस के अनुसार लड़की के घर से तेजाब की एक बोतल भी बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लड़की रेहान नाम के एक व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी। लड़की ने जब तेजाब पिया, तब वह घर पर अकेली थी। शाम करीब चार बजकर 45 मिनट पर एक पड़ोसी ने उसे दर्द से बेहाल देखा और उसे अस्पताल पहुंचाया। 20 जून को उसकी हालत की गंभीरता को देखते हुए उसे आगे के इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। गोयल ने बताया, इसके बाद पीड़ित की मां ने वसंत कुंज थाने में शिकायत दर्ज कराई और रेहान पर शादी के बहाने उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न करने तथा आपत्तिजनक तस्वीरों के जरिए उसे 'ब्लैकमेल' करने का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता ने अपनी बेटी का मोबाइल फोन भी पुलिस को दिया, जिसमें कथित तौर पर आरोपों का समर्थन करने वाली आवाज की रिकॉर्डिंग है। पुलिस के अनुसार वसंत विहार के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को सूचित किया गया था और एक तहसीलदार को अस्पताल में पीड़िता का बयान दर्ज करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। हालांकि, लड़की बयान दर्ज कराने की स्थिति में नहीं थी। पुलिस ने कहा कि शिकायत के आधार पर लड़की के मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच की सिफारिश करते हुए एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच में शिकायत के अनुरूप आवाज की रिकॉर्डिंग की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इसके बाद 25 जून को वसंत कुंज (दक्षिण) थाने में मामला दर्ज किया गया। डीसीपी ने बताया कि रंगपुरी पहाड़ी के शंकर कैंप निवासी रेहान को गिरफ्तार किया गया है। उसने 12 वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और पहले हवाई अड्डे पर लोडर के रूप में काम करता था। फिलहाल वह बेरोजगार है और उसके पिता मजदूरी करते हैं।

**दि महम सह. चीनी मिल्स लि., महम (रोहतक)**

**ई-निविदा सूचना**

मूल निर्माताओं / वितरकों / प्रतिनिष्ठि एवं अनुभवी ठेकेदारों को निम्नलिखित जॉब्स / सामग्री के लिए ई–टेंडरिंग द्वारा उनकी दरें जमा करवाना आवश्यक है – 1) नट एवं बोल्ट्स, 2) आयरन एवं स्टील, 3) एमएस पाइप्स, 4) हार्डवेयर मैटेरियल, 5) फैब्रिकेशन जॉब्स, 6) जीआई/जीसीसी शीट्स, पुरलिन, गटर्स की डिस्मेंटलिंग और फिटिंग, 7) आईडी फैन इम्पैलर्स, 8) टरबाईन गवर्नर्स के स्पेयर्स और सर्विसिंग, 9) हाई प्रैशर वॉल्व्ज की रिपेयरिंग, सर्विसिंग और हाईड्रोलिक टेस्टिंग, 10) शीरा 20000 क्विंटल की बिक्री। विस्तृत निविदा प्रपत्र उपरोक्त मदों के अनुसार ई–टेंडरिंग पोर्टल– **http://etenders.hry.nic.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा ई–टेंडरिंग पोर्टल http://etenders.hry.nic.in के माध्यम से 14.07.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे या इससे पूर्व ऑनलाइन पहुंच जानी चाहिए। तकनीकी बोलियां 14.07.2025 को पूर्वा. 10.00 बजे खोली जाएंगी और वाणिज्यिक बोलियां 14.07.2025 को पूर्वा. 11.30 बजे खोली जाएंगी तथा नेगोसिएशन 16.07.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। सामग्री की खरीद / बिक्री और जॉब वर्क सरकारी नीति के अनुरूप किए जाएंगे। मिल प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी/सभी निविदा/निविदाओं, मद/मदों को स्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संवाद-1039/11/86/2026/36149/सी/88/7 दि. 02.07.25 **हस्ता/– प्रबंध निदेशक**

# अदालत ने दिल्ली जल बोर्ड को दूषित पानी की आपूर्ति वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करने का दिया निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में अत्यधिक दूषित पेयजल की आपूर्ति संबंधी आरोपों के मद्देनजर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को निरीक्षण करने और खामी को दूर करने का बुधवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने दिल्ली जल बोर्ड के प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उन निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए जिनके नलों में काले रंग का पानी आ रहा है। पीठ ने मामले की सुनवाई को पांच जुलाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि उन्हें जो पानी मिल रहा है उसके रंग को देखते हुए हम डीजेबी के उपयुक्त प्राधिकारी को भौतिक निरीक्षण करने, एक रिपोर्ट तैयार करने और उसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश देते हैं। अदालत ने पेशे से वकील ध्रुव गुप्ता द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए। याचिका में दावा किया गया है कि पूर्वी दिल्ली में योजना विहार, आनंद विहार, जागृति एन्क्लेव और आस-पास के अन्य इलाकों के निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर मलजल मिश्रित अत्यधिक दूषित पेयजल की आपूर्ति के कारण बड़ा खतरा है। अदालत ने डीजेबी के वकील से कहा कि वे इस मामले पर प्राधिकारियों से निर्देश प्राप्त करें और शुक्रवार को उसे अवगत कराएं। अदालत ने निर्देश दिया कि यदि निरीक्षण के दौरान ऐसी कोई त्रुटि पाई जाती है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है तो उसे तुरंत दूर किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि आम नागरिकों के स्वच्छ पेयजल के अधिकार का गंभीर उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा कि पीने योग्य पानी के रूप में मलजल के अत्यधिक दूषित पानी की आपूर्ति के कारण बुजुर्गों और बच्चों सहित निवासी गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं जिससे बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य संकट पैदा हो सकता है। याचिका में कहा गया है कि इन इलाकों के नलों में 12 जून से दूषित पानी आ रहा है और अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसमें कहा गया है कि पूरा विश्वास नगर निर्वाचन क्षेत्र, जिसमें योजना विहार क्षेत्र शामिल है, दूषित पानी की इस समस्या से जूझ रहा है।

### प्रदूषित जलापूर्ति से लोगों में जल बोर्ड के प्रति बढ़ रहा है रोष

**हरिभूमि, नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड की लापरवाही कहो या कुछ और राजधानी के कई हिस्सों में इन दिनों गंदे पानी की आपूर्ति से लोगों में रोष बढ़ने लगा है। कई जगह तो परेशान लोग सड़कों पर उतर चुके है जबकि कई जगह आने वाले दिनों में धरना प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही है। प्रधान एंक्लेव बुराड़ी में लंबे समय से मटमैला व गंदा पानी आपूर्ति हो रहा है। बीच बीच में कभी एकदम साफ सुथरा पानी भी आता है। ऐसे में लोगों का एक ही सवाल है कि आखिर क्या कारण है कि जल बोर्ड इस और बिल्कुल ध्यान नहीं देता। हजारों लोगों को नल से आ रहे गंदे पानी को ही पीना पड़ता है, अगर पी नहीं सकते तो 20 रुपए या इससे महंगी पानी की बोतल खरीदनी पड़ती है। ए ब्लाक निवासी राधे श्याम का कहना है कि सप्ताह में अधिकांश समय गंउ ही पानी आता है। एक दो बार एक दम साफ पानी आता है इससे भी इंकार नहीं है। लेकिन ऐसा क्यों कि अधिकांश समय गंदा ही पानी आएगा। गृहणी एम रावत ने बताया कि बी ब्लॉक, सी ब्लॉक सहित लगभग पूरे प्रधान एंकलेव व परशुराम एंकलेव में डीजेबी गंदे पानी की ही आपूर्ति करता है। लोग शिकायत भी करते है लेकिन सुनता कोई नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमें बड़ी उम्मीद थी कि भाजपा की सरकार आने के बाद पीने के पानी व कॉलोनी की अन्य समस्याएं सुलझ जाएगी।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 116 दिनांक 17/02/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना कुन्डली जिला सोनीपत।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम- सोनम।
पिता का नाम - ओमप्रकाश।
पता वासी गांव मठिया थाना लार जिला देवरिया यु.पी. हाल पियाउ मनियारी थाना कुन्डली जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र- लगभग 18 वर्ष।
कद- 4 फुट 8 इन्च।
हुलियाः- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, पतला-फुर्तिला शरीर
पहनावाः-सुट-सलवार पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 15/02/2025 को सोनम पुत्री ओमप्रकाश वासी गांध मठिया थाना लार जिला देवरिया यु.पी. हाल पियाउ मनियारी थाना कुन्डली जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कही चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना-7419410537
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-8053047698
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/3587/2026/36154/88/7 दि. 02.07.2025




## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों को व्हीलचेयर की वितरित

नई दिल्ली। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में बुधवार को आयोजित व्हीलचेयर वितरण के कार्यक्रम में संगम विहार और गिरी नगर के गरीब एवं वंचित परिवारों के दिव्यांग बच्चों और अन्य लोगों को 50 व्हीलचेयर वितरित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली, सफदरजंग द्वारा आस्था एनजीओ और दिल्ली स्टडी ग्रुप के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने इस आयोजन के लिए महिला क्लब का उत्साह बढ़ाया और कहा कि दिल्ली सरकार विकसित दिल्ली लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रही है और इसके लिए हर वर्ग और हर संस्था का साथ जरूरी है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार हर महीने की 10 तारीख को एक जिले में सहायक उपकरण वितरण कैम्प लगाएगी।

### डीएमआरसी ने चेन्नई मेट्रो से मिलाया हाथ

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड (सीएमआरएल) के बीच बुधवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण के तीन कॉरिडोर के लिए संचालन और रखरखाव सेवाओं के लिए हाथ मिलाया। डीएमआरसी व सीएमआरएल के बीच हुए समझौते पर दोनों तरफ से हस्ताक्षर हुए। इस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि समझौते में कॉरिडोर-3 (माधवरम मिल्क कॉलोनी से सिरुसेरी एसआईपीसीओटी-II मेट्रो - इंडिगो लाइन), कॉरिडोर-4 (लाइटहाउस से पूनमल्ली बाईपास -ऑरेंज लाइन) और कॉरिडोर-5 (माधवरम मिल्क कॉलोनी से शोलिंगनल्लूर - रेड लाइन) जिसमें माधवरम, पूनमल्ली और सेमनचेरी में रखरखाव डिपो शामिल हैं।

### निगम चालान का भुगतान करने वालों को कर रही परेशानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन स्वच्छता, अतिक्रमण आदि नियमों का उल्लंघन करने वाले नागरिकों, संस्थानों, संपति मालिकों के नाम पर चालान करता है लेकिन चालान का भुगतान करने के लिए निगम उपायुक्त कार्यालय आने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला नरेला जोन के निगम उपायुक्त कार्यालय से सामने आया है। यहां निगम की कोर्ट में विभिन्न चालानों का भुगतान करने के लिए आने वाले लोगों के लिए बैठने और पीने के पानी तक की सुविधा नहीं हैं। बता दें कि बांकनेर वार्ड से दिनेश भारद्वाज ने कहा कि मंगलवार को कोर्ट कक्ष के बाद बड़ी संख्या में लोग चालान का भुगतान करने आए थे लेकिन उनके लिए बैठने की सुविधा तक नहीं थी।

### सीएम ने डीएम कार्यालयों में लगी 42 पेटियों को खोल कर लिया शिकायतों का संज्ञान

# शिकायत पेटियां सरकार और जनता के बीच संवाद का है एक माध्यम : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारी सरकार द्वारा डीएम और एसडीएम कार्यालयों में लगाई गईं शिकायत पेटियां सरकार और जनता के बीच संवाद का है एक माध्यम हैं। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली के डीएम, एसडीएम और सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में लगाई गई शिकायत और सुझाव पेटियों को खोलने के दौरान कही। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को स्वयं उत्तर पश्चिम, दक्षिण पूर्वी, उत्तर पूर्वी, पूर्व,, पश्चिम, दक्षिण और दक्षिण पश्चिम जिले के डीएम और एसडीएम कार्यालयों में लगीं 42 शिकायत पेटियों को खोला और सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विभागों को अपने स्तर पर प्राथमिक कार्रवाई कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देश दिए गए है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन शिकायत पेटियों में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मूल्यांकन सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किया जाएगा, ताकि किसी भी शिकायत की अनदेखी न हो और प्रत्येक मुद्दे पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने बताया कि यह कदम सरकार की जन-संवेदनशीलता, पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में एक और ठोस प्रयास है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के डीएम कार्यालयों से प्राप्त शिकायत और सुझाव पेटियों में जिन समस्याओं को प्रमुखता से देखा गया, उनमें जनता के लिए कार्यालयों में सुविधाओं में सुधार, अधिकारियों के खिलाफ शिकायत, स्वच्छता, जल आपूर्ति, सड़क की स्थिति और यातायात प्रबंधन से संबंधित मुद्दे शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिकायत और सुझाव पेटियों के अलावा, दिल्ली सरकार के पास शिकायतें दर्ज करने के लिए पीजीएमएस पोर्टल भी है। दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल शिकायतें दर्ज करना नहीं, बल्कि उन्हें त्वरित और समयबद्ध तरीके से सुलझाना है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार न सिर्फ सुन रही है, बल्कि हर शिकायत को समाधान तक पहुँचाने की ईमानदार कोशिश कर रही है।




#### किसी भी विभाग में लंबित शिकायतें स्वीकार्य नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के नागरिकों की शिकायतों का समाधान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी विभाग में लंबित शिकायतें कतई भी स्वीकार्य नहीं हैं। इसी समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार ने दिल्ली के सभी डीएम, एसडीएम और सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में 'शिकायत और सुझाव पेटी' लगाने के निर्देश दिए थे। उनका उद्देश्य यह था कि जनता की बात सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि पहले ही स्पष्ट किया गया था कि इन पेटियों को प्रत्येक माह मुख्यमंत्री कार्यालय में लाकर खोला जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की लीक या मैनिपुलेशन की संभावना न रहे।

#### शिकायत कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षा और अधिकार की है आवाज

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी शिकायत केवल कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षा और अधिकार की आवाज है। यह शिकायत और सुझाव पेटियां सिर्फ समस्या नहीं, सरकार और जनता के बीच एक संवाद का माध्यम हैं। आज मैंने कुछ शिकायत और सुझाव पेटियां स्वयं खोली हैं और अब मैं इनमें से प्राप्त सभी शिकायतों को पढ़ूंगी। मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री और जनता के बीच सीधा संवाद अत्यंत आवश्यक है। जो भी बात लोग खुलकर कह सकें, वह सीधे मुझ तक पहुंचे, और सरकार व प्रशासन उस पर आवश्यक कार्रवाई करें, यही इस पूरी व्यवस्था का उद्देश्य है। इससे शासन व्यवस्था और अधिक उत्तरदायी तथा जन केन्द्रित बनती है।

## एमसीडी के 12 हजार कर्मियों को तत्काल पक्का करे भाजपाः अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कार्यरत 12 हजार कर्मियों को भाजपा तत्काल पक्का करे और इनके पक्का करने में पारदर्शिता लाने के लिए एमसीडी में सिंगल विंडो सिस्टम बनाया जाए, जहां कर्मचारी पक्का होने के लिए आवेदन दे सकें और दलालों से बच सकें। एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को सिविक सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि फरवरी-मार्च में ही आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने इन कर्मियों को पक्का करने का प्रस्ताव सदन में पास कर दिया था। फिर भी भाजपा इन्हें पक्का नहीं कर रही है। 'आप' की सरकार ने इनको वेतन देने के लिए 800 करोड़ रुपए के बजट का भी प्रावधान कर दिया था। भाजपा शासित एमसीडी जानबूझ कर इन कर्मियों को पक्का नहीं कर रही है, क्योंकि दलालों की भाजपा नेताओं और अफसरों से सेटिंग है। ये चाहते हैं कि कर्मचारी मजबूर होकर दलालों के पास जाएं और पक्का होने के लिए लाखों रुपए दें। अंकुश नारंग ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दलालों की भाजपा नेताओं और बड़े-बड़े अधिकारियों के साथ सेटिंग है। ये दलाल कर्मियों से लाखों रुपए लेकर उनको पक्का कराने की बात कहते हैं और परेशान हो चुके कर्मचारी उसकी बात मान भी जाते हैं। इस भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन एमसीडी में बैठे अधिकारी दे रहे हैं। अधिकारी जटिल नीति लाते हैं, ताकि कर्मचारी आसानी से पक्के न हो सकें। इस भ्रष्टाचार को भाजपा के नेता बढ़ा रहे हैं, जो महापौर, स्थायी समिति के चेयरमैन बने बैठे हैं। ये लोग स्थायी समिति में कर्मियों का मुद्दा नहीं लाते हैं। इसलिए सदन में पास होने के बाद भी इन्होंने 12 हजार कच्चे कर्मियों को पक्का नहीं किया है, ताकि ये दलालों को पैसा दें और पक्के हों।

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन को भी नहीं मानती है निगम

अंकुश नारंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि अगर किसी कर्मचारी की एक साल में 240 दिन की हाजिरी है, तो उसे पक्का किया जा सकता है। भाजपा की एमसीडी सुप्रीम कोर्ट की इस गाइडलाइन को भी नहीं मानती है। एमसीडी किस नियम से चलती है और भाजपा इसे किस तरह चलाना चाहती है? 15 साल भाजपा शासन में एमसीडी अंधकार में गई और अब फिर से भाजपा इसे अंधकार में ले जा रही है।

## दिल्ली विधानसभा सदन की सात स्थायी समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विभिन्न विभागों से संबंधित सदन की स्थायी समितियों का गठन किया है। स्थायी समितियां विधायी निगरानी को सुदृढ़ करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन समितियों का मुख्य कार्य सदन द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुरूप सुधारों की सिफारिश करना तथा सदन या अध्यक्ष द्वारा सौंपे गए विधेयकों की समीक्षा करना है। ये समितियां संबंधित विभागों की वार्षिक रिपोर्टों एवं नीतिगत दस्तावेजों की समीक्षा करती हैं तथा जन महत्व के विषयों की जांच करती हैं, जिससे शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता सुनिश्चित होती है।

गठित की गईं दिल्ली विधानसभा सदन की इन सात समितियों में पूर्व में दिल्ली सरकार में मंत्री रहे तीन विधायकों को भी स्थान दिया गया है, इन्हें अध्यक्ष बनाया गया है। इनमें पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत, अरविंदर सिंह लवली व राजकुमार चौहान को भी समितियों का अध्यक्ष बनाया गया है। गहलोत को प्रशासनिक मामलों की समिति, लवली को स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समिति तथा चौहान को विकास व ग्रामीण समिति की जिम्मेदारी मिली है। सभी समितियों में नौ-नौ सदस्य हैं, प्रत्येक समिति में विपक्ष के सदस्यों को भी जगह दी गई है।

इनके अलावा युवा विधायक उमंग बजाज को शिक्षा पर विभाग से संबद्ध स्थायी समिति, नीलम पहलवान को कल्याण पर विभाग से संबद्ध स्थायी समिति तथा संदीप सहरावत को जनोपयोगी सेवाओं और नागरिक सुविधाओं पर विभाग से संबद्ध स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा अशोक गोयल को वित्त एवं परिवहन पर विभाग से संबद्ध स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।



■ तीनों पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत, अरविंदर सिंह व राजकुमार चौहान बने स्थायी समितियों के अध्यक्ष

### कांग्रेस लड़ेगी दलितों, पिछड़ों और गरीबों की लड़ाई : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को आयोजित ब्लाक कमेटियों के तहत जय बापू, जय भीम, जय संविधान सम्मेलन में फैसला हुआ कि कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, गरीबों की लड़ाई लड़ेगी। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस जोर शोर से महात्मा बुद्ध, गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों, बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की सामाजिक न्याय की अवधारणा पर चलते हुए, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, वंचितों के अधिकारों के लिए मिलकर लड़ेंगे। यादव ने कहा कि आज संगठन सृजन अभियान के तहत 258 ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की बैठकों में इन मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। सभी बैठकों में मौजूद ब्लाक कार्यकारिणी के सदस्यों और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने एक प्रस्ताव भी पारित करते हुए संकल्प लेकर प्रस्ताव पास किया कि हम मिलकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में भाजपा के नफ़रत फैलाने और समाज को बांटने के एजेंडे के ख़िलाफ़ लड़ेगे।



## नए रंग रूप में निखर कर आया शीश महल, केंद्रीय मंत्री, सीएम संग एलजी ने किया पार्क का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शालीमार बाग में मध्ययुगीन शीश महल पार्क अब नए रंग रूप में निखर कर सामने आया है। शालीमार बाग का जीर्णोद्धार भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) की तकनीकी विशेषज्ञता के साथ दिल्ली व कास प्राधिकरण (डीडीए) ने किया है। नवीनीकरण के बाद बुधवार को पार्क का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल, डीडीए उपाध्यक्ष एन सरवण कुमार, एएसआई के महानिदेशक यदुवीर सिंह रावत सहित अन्य आला अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने जहां उपराज्यपाल सक्सेना व सीएम रेखा गुप्ता के कार्यों की प्रशंसा की, वहीं पूर्व की आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार की आलोचना करते हुए कई सवाल उठाए। शेखावत ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने लोगों की भावनाओं व उम्मीदों को ठेस पहुंचाई। आप सरकार द्वारा दिल्ली के विकास की अनदेखी करने के बाद अंत में एलजी सक्सेना ने जिम्मा उठाया और विकास कार्यों को करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय देश, विशेषकर दिल्ली की समृद्ध विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। एलजी सक्सेना ने जीर्णोद्धार कार्यों को सावधानीपूर्वक करने के लिए डीडीए और एएसआई की सराहना की और कहा कि ये पुनर्जीवित संरचनाएं दिल्ली की समृद्ध विरासत को लंबे समय तक संरक्षित करेंगी। उन्होंने दिल्ली के लोगों से एक साथ आने और इन बहाल किए गए स्थलों के रखरखाव में हितधारक बनने का आग्रह किया, जो यह सुनिश्चित करेगा कि इन अनमोल विरासत स्थलों पर फिर से अतिक्रमण न हो और वे हमेशा स्वच्छ और हरे-भरे रहें। वहीं सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली के उन विरासत स्थलों को बहाल करने के लिए उपराज्यपाल को उनके श्रमसाध्य प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया, जिन पर दशकों से कोई काम नहीं हुआ था। उन्होंने दिल्ली में विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में एलजी के निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए उनकी सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। डीडीए ने बताया कि वर्ष 1653 में निर्मित शालीमार बाग ने मुगल काल से लेकर ब्रिटिश शासन तक इतिहास के कई चरण देखे हैं। इसने समय के साथ कई ऐतिहासिक घटनाओं और बदलते शासकों को देखा है। इसके जीर्णोद्धार कार्य के भाग के रूप में, जहां एएसआई ने शीश महल के विरासत तत्वों को बहाल किया, वहीं डीडीए ने मुगल शैली का चार बाग लैंडस्केप डिजाइन विकसित करके स्मारक की आभा में वृद्धि की है। डीडीए ने शालीमार बाग में लगभग जीर्ण-शीर्ण हो चुके बारादरी और तीन हेरिटेज कॉटेजों का भी जीर्णोद्धार किया है।



### जीटी करनाल मार्ग पर अधिकतर की छत है गायब

# बारिश और तेज धूप से नहीं बचा पाएंगे बदहाल बस स्टैंड

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में गत माह आई तेज आंधी और बारिश के चलते कई जगह बस स्टैंड की छतें टूट कर कहीं कहीं गिर गई और कईं जगह पहले से ही बस स्टैंड बदहाल हैं लेकिन इनकी सूध लेने के लिए न तो दिल्ली सरकार आगे आ रही है और न ही प्रशासन। सूध नहीं लेने के चलते इन दिनों जहां बस यात्रियों को तेज धूप के कारण परेशान होना पड़ रहा है और वहीं, आगामी दिनों मानसून के दौरान बारिश के चलते परेशान होना पड़ेगा। बता दें कि दिल्ली में सरकार भी बदल चुकी है और भाजपा की इस सरकार ने 100 दिन पूरे करने के बाद अपनी उपलब्धियां भी गिनाई थीं लेकिन गत माह आंधी के बाद बदहाल हुए इन बस स्टैंड और यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए दिल्ली सरकार और प्रशासन ने कुछ भी नहीं किया है। जानकारी के अनुसार जीटी करनाल मार्ग, आजादपुर से सिविल लाइन के बीच, आउटर रिंग रोड़ स्थित बुराड़ी से तिब्बती मार्केट की तरफ कश्मीरी गेट की तरफ जाते समय पर अधिकतर बस स्टैंड की हालत बदहाल नजर आई। वहीं, इस संबंध में दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम (डीटीआईडीसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बस स्टैंड को लेकर टेंडर प्रकिया शुरू कर रहे हैं।

कुछ जागरूक बस यात्रियों का कहना है कि कांग्रेस सरकार के समय करीब 1400 बस स्टैंड की दिल्ली में जरूरत थी लेकिन आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने विधायक फंड से बस स्टैंड लगाए लेकिन सरकार की तरफ से कोई भी नया बस स्टैंड नया बनाया गया और अब वर्तमान भाजपा सरकार ने 100 दिनों की अपनी उपलब्धियां गिनाई लेकिन बस स्टैंड की भाजपा नेताओं ने भी सुध नहीं ली।

बता दें कि दिल्ली देहात के नरेला, बवाना, बुराड़ी विधानसभाओं में अनेकों जगह बस स्टैंडों की हालत नर कंकाल की तरह हो गई है जो सिर्फ खड़े हुए हैं और तेज धूप व बारिश के दौरान किसी का भी बचाव नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा दिल्ली के आजादपुर से दिल्ली विश्वविद्यालय और बुराड़ी से तिब्बत मार्केट होते हुए कश्मीरी गेट बस अड्डा की तरफ आते हुए भी ऐसे कई बदहाल बस स्टैंड देखे जा सकते हैं।



## स्कूलों में, साइंस लैब और शिक्षकों की भर्ती प्राथमिकता से की जाए : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, साइंस लैब, मरम्मत का काम और शिक्षकों की भर्ती प्राथमिकता से की जाए। यह निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को समीक्षा बैठक के दौरान दिए। दिल्ली सचिवालय में हुई बैठक में दिल्ली सरकार के स्कूलों में चल रही आधारभूत ढांचे की परियोजनाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उपायों, और रिक्त पदों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के हर बच्चे को समान, आधुनिक और प्रेरणादायक शिक्षा का वातावरण मिलना चाहिए, और इसके लिए सरकार संसाधनों और नीतियों दोनों स्तर पर पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि दिल्ली का हर बच्चा, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से आता हो, उसे समान अवसर और विश्वस्तरीय शिक्षा मिले। मुख्यमंत्री ने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक आधुनिक और प्रभावशाली बनाने के लिए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों की साइंस लैब को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को प्रयोग आधारित शिक्षा मिल सके।

**खबर संक्षेप**

## साइबर ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने झूठे मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार का डर दिखा कर ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।



थाना बल्लभगढ़ में सेक्टर-2, फरीदाबाद वासी ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि एक ठग ने 1,13,999 रुपए ठगों के बताए खाता में भेज दिए। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## ऑटो चोरी के मामलों में 2 आरोपी धराए

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार।



पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अपने गुप्त सुत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने गौरव निवासी राजीव कालोनी फरीदाबाद को ऑटो सहित सिकरोना नाका से गिरफ्तार किया है वहीं लक्ष्मण निवासी राजीव कालोनी को राजीव कालोनी से गिरफ्तार किया है।

## हमला करने के मामले में 3 तीन को दबोचा

**फरीदाबाद।** अरावली क्षेत्र फरीदाबाद में वन विभाग द्वारा अतिक्रमण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है।



1 जुलाई को कांत एन्क्लेव अंनगपुर में तोड़फोड़ के दौरान भीड द्वारा तोड़फोड़ दस्ता व अन्य कर्मचारियों पर पथराव कर चोटे पहुंचा कर सरकारी कार्य में बाधा डाली वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना सूरजकुंड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। राजबीर, नवीन निवासी अंनगपुर व राजीव निवासी नचौली फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

# मधुबन बापू धाम योजनाः 4 हजार करोड़ की परिसंपत्तियों के निस्तारण की प्राधिकरण ने तय की कार्य योजना

*प्राधिकरण उपाध्यक्ष वत्स बोले- इस माह के अंत तक किसानों को किए गए वायदे के अनुरूप भूखंड देने की कार्रवाई करेंगे*

## जीडीए ने दिया सरेंडर का भी विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने मधुबन बापूधाम योजना की करीब 4 हजार करोड़ की परिसंपत्तियों के निस्तारण के दिशा में अहम निर्णय लिए गए। इस बीच तय किया गया कि सर्व प्रथम प्राधिकरण की परिसंपत्तियों के निस्तारण पर प्राथमिकता दी जाए जिसमे बैठक के दौरान जोर दिया गया कि हाल ही मे प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में लिए गए फैसले के आधार पर योजना से प्रभावित किसानो को इस माह के अंत तक भूखंड उपलब्ध हो जाए। इसके लिए कार्य पूरा कर लिया जाए। ये भी स्पष्ट किया गया कि अब विकास कार्यों को नवीन डीपीआर के अनुसार तेजी से शुरू किया जाए, ताकि जनसामान्य को मधुबन बापू धाम योजना में भूखंड प्राप्त होने का मौका प्राप्त हो सके। इसके लिए ले- आउट तैयार कर लिया गया है।

ये भी तय किया गया कि योजना में 40, 60, 90, 120, 300 वर्गमीटर साइज के भूखंडों के लिए आवेदन करने वाले आवंटियों को भूखंडों का आवंटन लाटरी के माध्यम से किया जाएगा। केवल बड़े भूखंड जो कि सामान्यतः सृजित किए जाने वाले भूखंडों से भिन्न होते है, उन्हें सीधे आवंटित किए जाएंगे। बैठक के दौरान ये भी तय किया गया कि शमशान घाट से प्रभावित आवंटियों को दूसरे स्थान पर सृजित किए गए भूखंड उपलब्ध कराने की कार्रवाई भी की जाए। ये भी जोर दिया गया कि योजना के प्रत्येक पाकेट का बड़ा नक्शा/सूचक स्थल पर सूचक के तौर पर लगाया जाए, ताकि योजना में पहुंचने वाले आवंटियों को ये स्पष्ट हो सकें कि उनका भूखंड जो उन्हें आवंटित किया जा रहा है, वह किस दिशा में या स्थान पर है। इसके अतिरिक्त किसानों के अनुरोध पर प्राधिकरण द्वारा मधुबन बापू धाम के ले आउट में ये भी सुनिश्चित किया गया है कि योजना के परिधि पर सड़क निर्माण किया जाएगा। किसानों से अपील की जाती है कि प्राधिकरण द्वारा अपनी जिम्मेदारी के तहत प्राधिकरण बोर्ड से स्वीकृति प्राप्त करते हुए भूखंडों का सृजन कर विकसित भूखंड का आवंटन कराया जा रहा है, ऐसे में प्राधिकरण के विकास कार्यों में किसी तरह का गतिरोध उत्पन्न न किया जाए, बल्कि योजना के विकास में सहयोग किया जाए, इससे उनके भूखंडों के मूल्य मे भी वृद्धि होगी। यदि इसके बावजूद भी योजना के विकास कार्य में किसी तरह का अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो प्राधिकरण कड़े कदम उठाएगा।



## डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग्स फ्री डे मनाया

# 34 हजार किलो प्लास्टिक कचरे को टी-शर्ट और बेंच में रीसाइकल करने की उपलब्धि साझा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग्स फ्री डे के अवसर पर मानव रचना एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस की सामाजिक इकाई डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन ने यह सांझा किया कि संस्था अब तक कुल 34,000 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे को रीसाइकल कर चुकी है। यह उपलब्धि फाउंडेशन की सतत पर्यावरणीय पहलों का परिणाम है, जो वर्ष 2023 से विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों के माध्यम से चल रही है।

इस प्रयास के तहत 24,000 किलो प्लास्टिक को 12 पार्क बेंचों में बदला गया हैए जिन्हें मानव रचना और सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भांखरी में स्थापित किया गया है। वहीं, लक्ष्य फाउंडेशन के सहयोग से प्रोजेक्ट रिबॉर्न के तहत 10,000 किलो प्लास्टिक से 100 से अधिक टी-शर्ट और 4 कचरेदान तैयार किए गए हैं। यह पहल सोशल इंटर्नशिप प्रोग्राम 2023 के अंतर्गत शुरू हुई थी, जिसमें एमआरआईएस सेक्टर-14, फरीदाबाद के छात्रों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं वन मंत्रालय द्वारा समर्थित है। परियोजना की शुरुआत एक कॉपीराइटेड वेस्ट सेग्रीगेशन इनिशिएटिव से हुई, जिसके तहत ई-हैंडबुक और जागरूकता अभियान सोशल मीडिया व व्हाट्सएप के माध्यम से चलाए गए।

इसके बाद एक संरचित प्लास्टिक संग्रह अभियान शुरू हुआ। पुनः उपयोग योग्य प्लास्टिक को एकत्रित कर प्रोसेस किया गया और इसका उपयोग बेंच, टी-शर्ट और कचरेदान जैसे उपयोगी उत्पादों में किया गया। प्रोजेक्ट रिबॉर्न के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की 5 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर इस प्रक्रिया में जोड़ा गया, जिन्होंने टी-शर्ट की बिक्री से प्रति व्यक्ति 20ए000 तक की आय अर्जित की।

साथ ही कचरा संग्रह और छंटाई में लगे कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन दिया गया। 30 टी-शर्ट सरकारी बॉयज़ हॉस्टल, एनआईटी फरीदाबाद में बच्चों को भेंट की गईं। मानव रचना में लगाए गए जागरूकता स्टॉल पर छात्रों और आगंतुकों ने इन पहलों से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। स्टॉल पर 12,000 की बिक्री भी हुई। जिसे भविष्य की परियोजनाओं में उपयोग किया जाएगा।

**डॉ. कुंअर बेचैन की कविताओं की वाचन प्रतियोगिता आयोजित**

प्रतियोगियों ने सुंदर प्रस्तुति दी

## 20 विद्यार्थियों ने लिया भाग 5 बच्चों को मिला गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वसुंधरा स्थित स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल में देवप्रभा प्रकाशन और स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल ने महाकवि डॉ. कुंअर बेचैन की कविताओं की वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 20 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतियोगियों ने अति सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि और जज की भूमिका में सुप्रसिद्ध कवयित्री शोभा सचान और शिक्षाविद आईएम पांडेय रहे। जबकि कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय कवि एवं प्रकाशक डॉ. चेतन आनंद थे। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का शाल, पुष्प एवं मोतियों की माला से स्वागत किया गया। वाचन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों में प्रथम स्थान पर कक्षा 10 की छात्रा जाह्नवी सिंह, दूसरे स्थान पर सयुंक्त रूप से कक्षा 9 की छात्रा भावना जोशी एवं कक्षा 12 के छात्र निशांत, तृतीय स्थान पर कक्षा 11 की छात्रा पूर्विका एवं कशिश रही। विजयी प्रतियोगियों को गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र एवं पुस्तकें देकर पुरस्कृत किया गया। वंशिका, रिमझिम, अभिषेक, युक्ता, खुशी, आरुषि गौतम, प्रज्ञा, सोनाली को पुस्तक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## झूठे रेप केस में फंसाकर करते थे जबरन वसूली, पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने आरोपी को पकड़ा

**फरीदाबाद।** रेप के झूठे केस में फंसाकर वसूली करने के एक मामले में पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेक्टर-17 में धीरज निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी, प्रहलादपुर नई दिल्ली ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके खिलाफ जुलाई 2023 में एक फर्जी रेप का मुकदमा दर्ज करवाया गया था। केस वापस लेने के नाम पर मुकेश नरवत नाम के एक व्यक्ति ने 50 लाख रुपए की डिमांड की। उसने पैसे देने से मना कर दिया और वह जेल चला गया। उसके जेल जाने के बाद मुकेश नरवत ने केस को वापस लेने के लिए उसके परिवार से 33 लाख रूपये वसूल किए। जिस शिकायत पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने कार्रवाई करते हुए मुकेश नरवत निवासी ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी का सेक्टर-37 में क्राउन मॉल में सपा सेंटर है। फिल्म देखने के बहाने से बुलाया और अपने सपा में काम करने वाली लड़की को भी थियेटर में बैठा दिया जिससे लड़की की लोकेशन भी उसके साथ आए। वह 50 लाख रूपये दे नहीं तो वह उस लड़की से रेप केस लगवा देगा। जब उसने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने सपा में काम करने वाली लड़की से झूठा रेप केस लगवा दिया।

## उप्र सरकार द्वारा दो वितरण निगमों को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ बिजली कर्मियों ने किए प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया व एनसीसीओईई के आह्वान पर बुधवार को बिजली कर्मचारियों ने उप्र सरकार द्वारा पूर्वांचल व दक्षिणांचल बिजली वितरण निगमों को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ सब डिवीजन स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए। प्रदर्शनों में आंदोलनरत तीन बिजली कर्मचारी नेताओं के खिलाफ विजिलेंस द्वारा एफआईआर दर्ज करने की निंदा की गई। यूनियन के नेता शब्बीर अहमद गनी, सर्कल सचिव कृष्ण कुमार, सीसी मेम्बर मनोज जाखड़, डालचंद, यूनिट प्रधान करतार सिंह, भूप सिंह कौशिक, रामकेश साहरण, दिनेश शर्मा, दिगंबर सिंह, प्रवेश बैंसला, वेद प्रकाश कर्दम, असरफ खान, सुरेन्द्र शर्मा आदि नेताओं ने अलग-अलग सब डिवीजन में प्रदर्शनों को संबोधित किया।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक

## राहत सामग्री, चिकित्सा उपकरण, बचाव दल आश्रय स्थलों की उपलब्धता को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




जिला सभागार में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में आपदा तैयारियों और प्रतिक्रिया तंत्र की समीक्षा करना था, विशेष रूप से आगामी मानसून और संभावित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर। इस बैठक में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से आए डिप्टी सेक्रेटरी अंबुज बाजपई, अंडर सेक्रेटरी आर के मिश्रा व सीनियर कंसलटेंट शालिनी सिंह ने अपने सुझाव साझा किए। जिले की मौजूदा आपदा कार्य योजना की विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक संशोधनों एवं अद्यतनीकरण पर सहमति बनी। इसमें विशेष रूप से बाढ़, भूकंप और अन्य स्थानीय आपदाओं के लिए विशिष्ट कार्य योजनाओं पर जोर दिया गया। आपदा की स्थिति में आवश्यक संसाधनों, जैसे राहत सामग्री, चिकित्सा उपकरण, बचाव दल और आश्रय स्थलों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। संबंधित विभागों को इन संसाधनों की पहचान और उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विभिन्न विभागों और स्थानीय स्वयंसेवकों के लिए आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुसज्जित हों। आपदा प्रतिक्रिया में सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय और संचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## रोड सेफ्टी में सहयोग देने वाले पलाश सलूजा को डीसी विक्रम सिंह ने किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और ट्रैफिक कंट्रोल में सक्रिय सहयोग देने के लिए स्पेशल चाइल्ड पलाश सलूजा को आज उपायुक्त विक्रम सिंह द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके साथ आरटीओ सचिव मुनीश सहगल भी मौजूद रहे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि पलाश जैसे युवा समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। उन्होंने यह साबित किया है कि सकारात्मक सोच और जनहित का भाव किसी भी चुनौती को पीछे छोड़ सकता है। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पलाश का योगदान इस बात का प्रमाण है।

5 मोटर साइकिल, 6 स्कूटी, 10 मोबाइल बरामद

## दोपहिया वाहन चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 सदस्य काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



थाना टीलामोड़ पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी की घटना कारित करने वाले अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कब्जे से चोरी की 5 मोटरसाइकिल, 6 स्कूटी ( कुल 11 दो पहिया वाहन) व 10 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कंपनी के बरामद हुए हैं। ये सभी दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय थे।

एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान व मुखबिर खास की सूचना के आधार पर दो पहिया वाहन चोरी करने वाले अन्तर्राजय वाहन चोर गिरोह के 05 शातिर बदमाश साजन, तुलसी निकेतन, समीर उर्फ बर्गर निवासी राजीव कॉलोनी, सूरज निवासी शहीद नगर थाना साहिबाबाद, सद्दाम निवासी मौहल्ला लुकमानपुरा व नदीम को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में गिरफ्तार यह तथ्य प्रकाश में आए कि ये सभी आरोपी आपस में मिलकर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में मोटरसाइकिल, स्कूटी व मोबाइल फोन चोरी आदि की घटना कारित करते हैं। चोरी किए वाहन को खण्डर जैसी जगह लाकर खड़ा कर देते हैं और मौका मिलते ही उन वाहनों को सस्ते दामों में बेच देते हैं। सभी अभियुक्तों से सख्ती से पूछताछ करने पर यह तथ्य भी प्रकाश में आए कि ये सभी अभियुक्त चोरी के माल को खरीदने और बेचने का व्यापार भी करते हैं।

**समस्याओं के निदान के लिए समिति का गठित करने का फैसला**

# संयोजक सतीश चोपड़ा की मांगें प्रशासन ने स्वीकार की, भूख हड़ताल समाप्त करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा द्वारा पिछले 13 दिनों से की जा रही भूख हड़ताल को बुधवार बड़खल के एसडीएम त्रिलोक सिंह, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर संजय भाटिया, सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा, पीएमओ डॉ. सतेंद्र वशिष्ठ व एक छोटी बालिका ने जूस पिलाकर समाप्त करवाया।

इस मौके पर बड़खल के एसडीएम त्रिलोक सिंह, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर संजय भाटिया, सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा, पीएमओ डॉ. सतेन्द्र वशिष्ठ व रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा व अन्य समिति सदस्यों ने सिविल अस्पताल का दौरा कर एसडीएम त्रिलोक सिंह को समस्याओं को दिखाया और एसडीएम ने इन समस्याओं को तुरंत प्रभाव से निदान करने के लिए एक समिति का गठन करने का फैसला सुनाया, जिसमें संघर्ष समिति के सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी चार जुलाई को ट्रॉमा सेंटर की जो मांग है, उसको धरातल पर उतारने के लिए एक मीटिंग भी सरकार द्वारा बुलाई गई है। गौरतलब रहे कि पिछले दिनों हरियाणा सरकार ने फरीदाबाद में भी ट्रामा सेंटर बनाने की घोषणा की थी और बादशाह खान का दौरा करने के बाद धरनास्थल पर पहुंचकर सभी गणमान्य लोगों ने सतीश चोपड़ा को जूस पिलाया। उल्लेखनीय फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 213 दिनों से धरना दिया जा रहा था तथा पिछले 13 दिनों से सतीश चोपड़ा भूख हड़ताल पर थे। उनका स्वास्थ्य अधिक खराब होने के चलते प्रशासन ने उनसे भूख हड़ताल समाप्त करने का अनुरोध किया था। जिस पर चोपड़ा ने अपनी टीम से सलाह-मशविरा कर जूस पीकर भूख हड़ताल को समाप्त किया।

इस मौके पर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर संजय भाटिया ने कहा कि सरकार देर से जागी, परंतु देर आए दुरूस्त आए और उन्होंने वहां पर आए एसडीएमए सीएमओ व अन्य लोगों का धन्यवाद किया और सतीश चोपड़ा ने भी उनके धरने को समर्थन देने के लिए फरीदाबाद की जनता का आभार जताया।

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में पीएसडी सढ़ौरा (सढ़ौरा निर्वाचन क्षेत्र) के तहत 4 अदद विभिन्न सड़कों को चौड़ा करने और मजबूतीकरण का प्रावधान (आईडी 942, 987, 993, 996) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | 25.06.2025 05.07.2025 | 463.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | अम्बाला जिला 821 में एनएच-72 से एनएच-73 वाया धनाना खानपुर रसीदपुर और रामपुर तक लिंक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (कार्य कार्यक्रम 2025-26) + 1 कार्य। | 25.06.2025 08.07.2025 | 1225.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 5 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 2, 8, 90, 94 और 189) (पार्ट-2) (ग्रुप-1)। | 28.06.2025 07.07.2025 | 366.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में सरस्वती नगर से राजकीय आई.टी.आई. सरस्वती नगर (कि.मी. 0.00 से 1.96) तक रोड का नया निर्माण। | 01.07.2025 10.07.2025 | 190.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunaragan@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में कलानौर में 50 बिस्तर वाले हस्पताल में आपातकालीन ब्लॉक के सहित ओपीडी का निर्माण (सीसीटीवी, एलएएन, ईपीएबीएक्स और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 01.07.2025 08.07.2025 | 55.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | 1. हरियाणा मंत्री मकान नं. 24, सेक्टर-07, चण्डीगढ़ के लैंडस्केपिंग कार्य की विशेष मरम्मत। 2. हरियाणा मंत्री मकान नं. 239, सेक्टर-16, चण्डीगढ़ के लैंडस्केपिंग कार्य की विशेष मरम्मत। | 03.07.2025 09.07.2025 | 12.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 7 | जिला परिषद सोनीपत | बडखालसा ब्लॉक राई में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट का निर्माण + 1 कार्य। | 30.06.2025 07.07.2025 | 83.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in/hewp | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव करेवाड़ी, ब्लॉक सोनीपत में एससी चौपाल (हरिजन) का निर्माण + 3 कार्य। | 27.06.2025 07.07.2025 | 29.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168237223 sachin.sdopr@gmail.com |
| 9 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | सीओई, मुनीमपुर, झज्जर में लॉन, ओरनामेंटल गार्डन, रोज़ गार्डन और बोगेनविल्ला गार्डन का विकास। | 02.07.2025 09.07.2025 | ईएमडी 60,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |
| 10 | स्वास्थ्य विभाग कैथल | इंजेक्शन एंटीहेमोफिलिया की खरीद। | 02.07.2025 12.07.2025 | ईएमडी 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 11 | स्वास्थ्य विभाग पंचकूला | लैब रीजेंट्स और वस्तुएं। | 30.06.2025 08.07.2025 | ईएमडी 25,000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 12 | स्वास्थ्य विभाग पंचकूला | सामान्य कचरे हेतु ई-निविदा। | 02.07.2025 11.07.2025 | ईएमडी 25,000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/36173/I/88/7 दि. 02.07.25

## पेज एक का शेष

### समूह ने किया बिना किसी...

शिखर सम्मेलन के एजेंडे को अंतिम रूप देना था। लेकिन इसमें पाकिस्तान के अलावा पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर में बढ़ती ड्रैगन की आक्रामकता के खिलाफ भी समूह ने एक स्वर में सख्ती के साथ अपना विरोध जताया। यह जानकारी बैठक के बाद क्वाड समूह द्वारा जारी किए गए संयुक्त बयान से मिली है। जिसे विदेश मंत्रालय ने मीडिया से साझा किया। ज्ञात हो कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान की सरपरस्ती में चलने वाले आतंकवादी संगठन लश्करे तैयबा के छद्म रूप द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने अंजाम दिया था। आतंकियों ने धर्म पूछकर जम्मू-कश्मीर के इस पर्यटन स्थल पर कुल 26 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसमें भारत के 25 और नेपाल का एक नागरिक शामिल है।

**बयान में पाकिस्तान के नाम का जिक्र नहीं :** संयुक्त बयान में क्वाड विदेश मंत्रियों ने दो चीजों से परहेज किया है। जिसमें पहला, उन्होंने पाकिस्तान का नाम सहित उल्लेख नहीं किया और दूसरा, पहलगाम हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई जो चार दिनों तक चली थी। उसके बारे में भी कुछ नहीं कहा गया। लेकिन आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति क्वाड के विदेश मंत्रियों ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की और सभी घायलों के जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना की है। सीमा पार आतंकवाद के साथ ही इसके सभी रूपों और हिंसक चरमपंथ की क्वाड ने भर्त्सना की। साथ ही आतंकवाद से मुकाबले को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मामले में यूएन सदस्य देशों से वैश्विक कानूनों के तहत उनकी बाध्यताओं और सुरक्षा परिषद से जुड़े प्रस्तावों के तहत सहयोग और समर्थन करने का आग्रह किया।

**क्वाड ने दी चीन को चेतावनी :** समूह देशों ने बैठक में पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर में बढ़ती चीन की आक्रामकता के खिलाफ भी गंभीर रूप से चिंता जाहिर की। साथ ही उसे सख्त संदेश देते हुए कहा कि इस समुद्री क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने की किसी भी एकतरफा कार्रवाई का कड़े अंदाज में विरोध किया जाएगा। क्वाड की यह टिप्पणी चीन का प्रत्यक्ष रूप से नाम लिए हुए बगैर की गई। अमेरिका, भारत, जापान व ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने अपने साझा बयान में विशेष तौर पर कुछ शब्दों का प्रयोग किया। जिसमें खतरनाक, भड़काऊ कदम मुख्य हैं। इसी में अपतटीय संसाधनों के विकास में दखल, क्षेत्र में समुद्री-हवाई आवाजाही की स्वतंत्रता में लगातार दखल और सैन्य विमानों, तटरक्षकबल और समुद्री मिलिशिया के खतरनाक एक्शन भी शामिल हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में क्वाड ने कहा कि दक्षिणी चीन सागर में वाटर कैनन के असुरक्षित इस्तेमाल और इलाके को बाधित करने वाले कदमों को क्षेत्र की शांति, स्थिरता के खिलाफ खतरा माना जाएगा। क्वाड ने विवादित जगहों के सैन्यीकरण को लेकर भी अपनी गंभीर चिंता जताई और वैश्विक कानूनों खासकर यूएन से मान्यता प्राप्त समुद्री कानूनों के तहत क्षेत्र में आवाजाही की स्वतंत्रता को स्थापित करने की वकालत की। सभी ने समुद्री विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत हल करने पर जोर दिया। आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल के 2016 के निर्णय के क्रियान्वयन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह विवादों के शांति के साथ निपटारे को लेकर एक सराहनीय मील का पत्थर है। मामला बीजिंग की नौ डेस वाली रेखा को लेकर उसके फिलीपींस से जुड़े विवाद से संबंधित है। जटिल खनिजों को लेकर एक भरोसेमंद वैश्विक सप्लाई चेन के महत्व को भी क्वाड देशों ने बैठक में रेखांकित किया। मुंबई में इस वर्ष क्वाड ने भावी भागीदारी के मद्देनजर क्वाड पोर्ट्स को लांच करने की घोषणा की गई।

### 3,880 मीटर ऊंचे...

श्रद्धालु बालटाल होकर बाबा बर्फानी की गुफा पहुंचेंगे। काफिले अलग-अलग बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए रवाना हुए, जहां से वे गुरुवार तड़के 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर के लिए रवाना होंगे। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी।

### 9 अगस्त को यात्रा ...

कर रहे हैं। भारतीय सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और जम्मू कश्मीर पुलिस के लगभग 80 हजार जवान, अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं।

### 2000 करोड़ की कंपनी...

गांधी के इशारे पर यह साजिश रची गई। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के 76 प्रतिशत शेयर हैं।

### बीएल संतोष ने भाजपा...

बड़ौली ने कहा कि संगठन और सरकार का नायाब तालमेल ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसी तालमेल से नीति निर्माण को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं बना रही है जिसे हमारे कार्यकर्ता धरातल पर उतार रहे हैं और सरकार के हर लक्ष्य को मजबूती के साथ पूरा करने में जुटे हैं। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार ने 11 वर्षों में नॉन स्टॉप विकास के कार्य किए हैं। विकास कार्यों और सुशासन की बदौलत ही जनता ने भाजपा को तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है, इसलिए सभी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाएं और पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें।

### 'पीक ऑवर्स' के दौरान...

आधार किराए से अधिकतम दो गुना डायनैमिक प्राइसिंग की अनुमति होगी।

**डेड माइलेज के लिए भी मिलेगा किराया :** नई गाइडलाइंस के अनुसार बेस फेयर कम से कम 3 किलोमीटर के लिए तय किया जाएगा। इसका मकसद डेड माइलेज को कवर करना है। यानी वो दूरी जो ड्राइवर बिना सवारी के तय करता है या किसी सवारी को लेने के लिए यात्रा करता है। इससे ड्राइवर को बेहतर मुआवजा मिलेगा। गाइडलाइंस में यह भी साफ किया गया है कि अलग-अलग कैटेगरी या क्लास की गाड़ियों के लिए राज्य सरकार जो किराया तय करेगी, वही एग्रीगेटर का बेस फेयर माना जाएगा। राज्यों को इन नए नियमों को तीन महीने के भीतर अपनाने की सलाह दी गई है।

### कोरोना वैक्सीन और...

ने कहा कि अचानक हो रही मौतों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, हमारा रहन-सहन और दिनचर्या, पहले से कोई बीमारी और कोरोना संक्रमित होने के बाद की दिक्कतें शामिल हैं।

**कर्नाटक के सीएम के बयान पर सरकार की सफाई :** दरअसल, कर्नाटक के हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से कई युवाओं की मौत हुई है, जिसके बाद कर्नाट के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने एक बयान में दिल का दौरा पड़ने के लिए कोरोना वैक्सीन को जिम्मेदार बताया था, लेकिन केंद्र सरकार ने उनके दावे को खारिज कर दिया है। सिद्धारमैया ने कहा कि जल्दबाजी में कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दी गई और फिर तेजी से वैक्सीन का वितरण किया गया, ऐसे में हो सकता है कि अचानक हो रही मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को भी सीने में दर्द, या सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपना चेकअप कराएं और लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान...

मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेंगे। शाम को जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ राजभवन में शिष्टाचार भेंट करेंगे। यात्रा के दूसरे दिन 4 जुलाई को शिवराज सिंह चौहान शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय श्रीनगर के छठे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम शालीमार कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री एवं विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर उमर अब्दुल्ला भी उपस्थित रहेंगे। इस दीक्षांत समारोह में 5,250 छात्रों को स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, 150 स्वर्ण पदक एवं 445 मेरिट प्रमाण पत्र मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाएंगे। शिवराज सिंह का यह दौरा जम्मू-कश्मीर में स्थायी कृषि, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के दौरान शिवराज सिंह ने जम्मू का दौरा कर किसानों से संवाद किया था।

### चुनाव आयोग ने...

डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक आज शाम को आयोजित की गई, जिसमें सभी पक्षों के विचारों को सुनने के लिए आयोग ने प्रत्येक राजनीतिक दल से दो-दो प्रतिनिधियों को शामिल करने का निर्णय लिया। कुछ प्रतिनिधियों को अपॉइंटमेंट दिया गया था, जबकि कुछ बिना अपॉइंटमेंट, बिना पूर्व सूचना के आये आयोग सूत्रों ने बताया उन्हें भी बैठक में शामिल होने की अनुमति प्रदान की गई। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि बिहार में विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) का आयोजन भारत के संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपी एक्ट) 1950 और 24 जून 2025 को जारी निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अद्यतन और सटीक बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एसआईआर से संबंधित कई महत्वपूर्ण चिंताएँ और सुझाव रखे।

इनमें मतदाता सूची में त्रुटियों का सुधार, नए मतदाताओं का पंजीकरण, डुप्लिकेट प्रविष्टियों को हटाना और तकनीकी व प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी बनाने जैसे मुद्दे शामिल थे। आयोग ने प्रत्येक प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों का विस्तार से जवाब दिया और उनकी चिंताओं का समाधान करने का पूर्ण आश्वासन दिया। आयोग ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी, समावेशी और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी दलों के सहयोग की सराहना की। निर्वाचन आयोग ने विशेष रूप से सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने एसआईआर प्रक्रिया को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए 1.5 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) नियुक्त किए। ये बीएलए मतदाता सूची के सत्यापन और संशोधन कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, जिससे यह प्रक्रिया और अधिक विश्वसनीय हो रही है। बैठक के अंत में, मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राजनीतिक दलों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी से यह सुनिश्चित होगा कि बिहार में कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। आयोग ने सभी दलों से इस प्रक्रिया में निरंतर सहयोग की अपील की ताकि स्वच्छ, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सके। यह बैठक बिहार में आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची को और अधिक सटीक और विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। आयोग ने आश्वस्त किया कि सभी सुझावों और चिंताओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आयोग की प्रक्रिया पर निगरानी, मदद के लिए सबसे ज्यादा बीएलओ लगभग 53 हजार भाजपा ने नियुक्त किये, जबकि सबसे कम आम आदमी पार्टी ने केवल एक नियुक्त किये।

### ट्रंप सरकार से जुड़ा ...

वीजा की एफ और जे-1 श्रेणियों के तहत वीजा लेने वाले लोगों को अमेरिका में एनरोलमेंट से जुड़ी पूर्णकालिक अवधि तक रहने और उनके आवंटित कार्यक्रमों में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जाती रही है। लेकिन नए प्रस्तावित नियमों में इसमें कुछ तब्दीली की गई हैं। जिसमें अमेरिका में इनके निवास की अवधि को सीमित किया जा सकता है। नियमों को अंतिम रूप देने से पहले हालांकि यूएस प्रशासन द्वारा इन पर कुल करीब एक से दो महीने तक आमजन की प्रतिक्रिया ली जाएगी। इसके अलावा नियमों के आधिकारिक प्रकाशन से पहले इनकी ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट द्वारा समीक्षा भी की जाएगी।

## जीएसटी में फर्जीवाड़ा का मामला


# सीएम योगी ने दो अधिकारियों को किया निलंबित, 3 के खिलाफ जांच का आदेश



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त रवैया लगातार जारी है। राज्य सरकार ऐसे किसी भी दागी अधिकारी को बख्शने के मूड में नहीं है, जो अपने कर्तव्यों में कोताही बरत रहा हो या भ्रष्टाचार में लिप्त हो।

इसी क्रम में, राज्य कर विभाग के तीन अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, जिनमें से दो को निलंबित कर दिया गया है और तीसरे के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। इस बड़ी कार्रवाई ने पूरे विभाग में हड़कंप मचा दिया है, जिससे अन्य अधिकारियों में भी सतर्कता बढ़ी है। जानकारी के अनुसार, जिन अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है, उनमें रितेश कुमार बरनवाल और मनीष कुमार शामिल हैं, जिन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। रितेश कुमार रायबरेली जिले में सहायक आयुक्त के पद पर तैनात थे, जबकि मनीष कुमार उपायुक्त थे। इनके साथ ही, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) देवेंद्र सिंह की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं, क्योंकि उनके खिलाफ भी विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। इस गंभीर मामले की जांच की जिम्मेदारी अपर आयुक्त सैमुअल पाल एन को सौंपी गई है। विभाग के विशेष सचिव श्याम प्रकाश नारायण की ओर से इस संबंध में आधिकारिक पत्र भी जारी कर दिया गया है। जांच के लिए एक महीने की समय-सीमा तय की गई है, और देवेंद्र सिंह को इस अवधि में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।



वैसे तो शाई ब्लैडर सिंड्रोम शरीर से जुड़ी कोई गंभीर समस्या नहीं है। लेकिन इस मानसिक समस्या की वजह से व्यक्ति को कई तरह की व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे उसका सोशल बिहेवियर भी प्रभावित होता है। इसके कारण, लक्षण और उपचार के बारे में जानिए।

# शारीरिक नहीं मानसिक समस्या है शाई ब्लैडर सिंड्रोम



हेल्थ सजेशन

शिखर चंद जैन

समीर समझ नहीं पा रहा था कि आखिर मोना इतनी परेशान क्यों है? इतने अच्छे म्यूजिक कंसर्ट को बीच में ही छोड़कर घर क्यों जाना चाहती है, जबकि उन्होंने काफी महंगे टिकट खरीदे थे। प्रोग्राम को छोड़कर उसे मोना के साथ घर आना पड़ा। घर आने पर पता चला कि मोना को यूरीनेशन के लिए जाना था। समीर को यह बात बहुत अजीब लगी कि ऑडिटोरियम में साफ-सुथरे वाशरूम होने के बावजूद मोना को पेशाब करने के लिए घर क्यों आना पड़ा? दरअसल, मोना पब्लिक वाशरूम का इस्तेमाल कर ही नहीं सकती। इसकी वजह यह है कि वह शाई ब्लैडर सिंड्रोम से पीड़ित है।

## क्या है शाई ब्लैडर सिंड्रोम

शाई ब्लैडर सिंड्रोम को मेडिकल भाषा में पैरुरेसिस कहा जाता है। एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों पर या दूसरों की उपस्थिति में यूरीन करने में कठिनाई होती है। यह एक प्रकार की सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर है, जो यूरेथ्रा को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियों को प्रभावित करता है। इस स्थिति में किसी व्यक्ति को यूरीन करते वक्त कोई सुन या देख रहा हो तो उसे डर या शर्मिंदगी महसूस होती है। इससे वह सार्वजनिक स्थानों पर यूरीन करने में असमर्थ हो जाता है। आम तौर पर पैरुरेसिस का अनुभव कुछ लोगों को पब्लिक प्लेस पर होता है। जैसे पब्लिक यूरिनल में एक आदमी अन्य पुरुषों के बगल में होने पर यूरीन करने में परेशानी महसूस करता है। गंभीर मामलों में, पैरुरेसिस से पीड़ित व्यक्ति केवल अपने घर पर अकेले होने पर ही यूरीन कर पाता है। इस स्थिति को 'एवॉइडेंट पैरुरेसिस', 'साइकोजेनिक यूरिनरी रिटेंशन' और 'यूरीनेशन-फोबिया' के रूप में जाना जाता है।

## मन से जुड़ी समस्या

पैरुरेसिस एक शारीरिक रोग नहीं है क्योंकि ऐसी समस्या से ग्रस्त व्यक्ति के मूत्रतंत्र में कोई भी गड़बड़ी नहीं होती है। पेशाब करने की चिंता



व्यक्ति के तंत्रिका तंत्र को अत्यधिक उत्तेजित करती है और स्फिंक्टर को बंद कर देती है, जिससे यूरीन सुगमता से नहीं हो पाता। पेशाब न करने से व्यक्ति की चिंता बढ़ जाती है, खासकर अगर यूरीन का प्रेशर अधिक हो।

## पैरुरेसिस के लक्षण

गंभीर पैरुरेसिस के संकेत और लक्षण निम्नलिखित हो सकते हैं:

**चिंता और तनाव:** पेशाब करने की कोशिश करते समय अत्यधिक घबराहट या तनाव महसूस करना।

**लंबा इंतजार:** पेशाब शुरू करने में देरी होना या बिल्कुल न हो पाना।

**निजी स्थान की जरूरत:** व्यक्ति केवल तभी पेशाब कर पाता है, जब उसे पूरी तरह से निजता मिले, जैसे कि घर पर।

**शारीरिक लक्षण:** पसीना आना, दिल की धड़कन तेज होना, या मांसपेशियों में तनाव महसूस करना।

**पूर्ण एकांत की आवश्यकता:** अन्य लोगों द्वारा मूत्र के शौचालय से पानी की आवाज सुनने का डर या अन्य लोगों द्वारा मूत्र की गंध सूंघने का भय। अन्य लोगों के घरों में पेशाब करने में असमर्थता। यदि कोई शौचालय के बाहर इंतजार कर रहा हो तो घर पर पेशाब करने में असमर्थता।

**अनावश्यक चिंता:** शौचालय जाने की आवश्यकता को लेकर चिंतित महसूस करना। पेशाब न जाना पड़े इसके लिए जरूरत के अनुसार पेय पदार्थ न पीना। यात्रा और सामाजिक आयोजनों से बचना।

## समस्या के कारण

इस सिंड्रोम के कई संभावित कारण हो सकते हैं। जैसे-सामाजिक परिस्थितियों में असहज महसूस करना, बचपन में शौचालय से संबंधित कोई शर्मनाक अनुभव, जैसे कि स्कूल में सहपाठियों द्वारा मजाक उड़ाना। आत्मविश्वास की कमी, शर्मिंदगी का डर या कुछ मामलों में मूत्राशय की मांसपेशियों का तनाव या तंत्रिका तंत्र की समस्या भी इसका कारण हो सकता है।

## समस्या के साइड इफेक्ट्स

यह स्थिति व्यक्ति के दैनिक जीवन पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। सामाजिक जीवन में बाधा आती है। व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों, यात्रा या सामाजिक समारोहों से बचने लगता है। कार्यस्थल पर समस्याएं होती हैं। ऑफिस में लंबे समय तक शौचालय का उपयोग न कर पाने के कारण असहजता महसूस होती है। इससे सामाजिक जीवन के साथ-साथ पेशेवर जीवन भी बाधित होता है।

## निदान के तरीके

उपचार में निम्नलिखित तरीके शामिल हो सकते हैं-

**रिलैक्स टेकनीक:** चिंता को कम करने में मदद करने के लिए विभिन्न रणनीतियों को सीखना।

**मनोचिकित्सा:** गंभीर मामलों में, मनोवैज्ञानिक से मिलना मददगार हो सकता है। डॉक्टर ट्रैंक्विलाइजर या एंटीडिप्रेसेंट जैसी दवाओं के अल्पकालिक उपयोग का सुझाव दे सकते हैं।

**कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी:** आपके सोचने और व्यवहार करने के तरीके को थेरेपी से बदलने की कोशिश की जाती है।

**ग्रेजुएटेड एक्सपोजर थेरेपी:** एक योजनाबद्ध कार्यक्रम जिसमें जानबूझकर अधिक से अधिक कठिन स्थानों पर यूरीन करने की कोशिश करना शामिल है। इससे व्यक्ति पब्लिक प्लेस पर यूरीन करने में सामान्य महसूस करने लगता है। *

**(मनोचिकित्सक डॉ. संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ. रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

मेटाबॉलिक डिसऑर्डर वास्तव में कोई एक रोग नहीं है बल्कि कई रोगों की वजह हो सकता है। इसके लक्षणों को इग्नोर करना सीरियस कंडीशन को उत्पन्न कर सकता है। ऐसे में इसके कारण, लक्षण और बचाव के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

# कई हेल्थ प्रॉब्लम्स की वजह मेटाबॉलिक डिसऑर्डर



एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

आज के दौर में जिस तरह की जीवनशैली हम लोग जी रहे हैं, उस वजह से हर आयुवर्ग के लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं घेर रही हैं। मन-मस्तिष्क और शरीर को बीमार बनाने वाली बहुत सी व्याधियां इनमें शामिल हैं। ऐसे में कई बीमारियों की जड़ बन कर सेहत बिगाड़ने वाली समस्या मेटाबॉलिक डिसऑर्डर को लेकर सोचना आवश्यक है। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर बहुत सी बीमारियों को पैदा करने वाला स्वास्थ्य विकार है। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर से भोजन को ऊर्जा में बदलने वाली शरीर की सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं। इसी प्रक्रिया से शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी चीजों का उत्पादन होता है। यही वजह है कि मेटाबॉलिक डिसऑर्डर की सेहत सुधारने या बिगाड़ने में बड़ी भूमिका होती है।

## क्या है मेटाबॉलिक डिसऑर्डर

मेटाबॉलिक डिसऑर्डर से जुड़ी समस्याएं बहुत सी वजहों से हो सकती हैं। आनुवंशिक,



अस्वास्थ्यकर आहार और असंतुलित जीवनशैली इसके अहम कारण हैं। इतना ही नहीं मेटाबॉलिक डिसऑर्डर, आमतौर पर शरीर के कई भागों पर दुष्प्रभाव डालते हैं। इसके लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। किसी मामले में स्थिति बेहद गंभीर भी हो सकती है।

## हो सकती हैं कई समस्याएं

समझना आवश्यक है कि ग्लूकोज मेटाबॉलिक डिसऑर्डर की समस्या, शरीर में ग्लूकोज के चयापचय को प्रभावित कर टाइप-2 मधुमेह के रिस्क को बढ़ाता है तो मेटाबॉलिक डिसऑर्डर का एक ग्रुप, हृदय रोग, स्ट्रोक के रिस्क को बढ़ाता है। इससे उच्च रक्तचाप, मोटापा विशेषकर कमर के आस-पास ओबेसिटी बढ़ना और उच्च कोलेस्ट्रॉल या ट्राइग्लिसराइड के स्तर से जुड़ी समस्याएं बढ़ती हैं। वहीं एसिड-बेस असंतुलन की स्थिति शरीर में एसिड और बेस के स्तर में असंतुलन पैदा करती है। मैलाब्जॉर्प्शन डिसऑर्डर की स्थिति (इस मेडिकल कंडीशन में डाइजेस्टिव सिस्टम के पार्ट इंटेस्टाइन में भोजन पचने के बाद उसमें मौजूद पोषक तत्वों का अवशोषण सही ढंग से नहीं हो पाता है) शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा बनती है। आनुवंशिक विकार के रूप में इस व्याधि से शरीर के विशिष्ट मेटाबॉलिक पाथ वेज प्रभावित होते हैं।

## बढ़ रही है यह समस्या

हाल के वर्षों में भारत में मेटाबॉलिक डिसऑर्डर सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी बड़ी चिंता बन गया है। वयस्क आबादी में लगभग 30 प्रतिशत लोग इसके शिकार हैं। पुरुषों से ज्यादा महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। वहीं अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का अनुमान है कि यह विकार जल्द ही हृदय रोग के लिए जोखिम का अहम कारक बन जाएगा। 5 साल पहले के आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर 3 प्रतिशत बच्चे और 5 प्रतिशत किशोर इसका शिकार थे। समझना मुश्किल नहीं कि साल-दर-साल बिगड़ती जीवनशैली, खान-पान की अस्वस्थ आदतों और शारीरिक निष्क्रियता इस समस्या को और बढ़ा ही रही है।

## सजगता से करें बचाव

मेटाबॉलिक डिसऑर्डर संबंधी लक्षणों को समझ कर बचाव और इलाज की राह चुनना आवश्यक है। शरीर के कार्यों के अनगिनत पहलुओं पर प्रभावित करने वाली इस समस्या के सिमटंप्स अलग-अलग हो सकते हैं। लक्षण हल्के भी हो सकते हैं और सीरियस भी। कुछ सामान्य लक्षणों में थकान, मांसपेशियों में कमजोरी बहुत ज्यादा वजन बढ़ना या कम होना, पेट में दर्द, स्किन के रंग में बदलाव और भूख न लगना आदि शामिल हैं। ऐसे में अपनी जीवनशैली के साथ ही खान-पान के प्रति सजगता बरतना आवश्यक है। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर से बचाव और ट्रीटमेंट के लिए डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। साथ ही ब्लड, यूरिन और दूसरी कई जांचें, खान-पान में बदलाव, संतुलित जीवनशैली और सही दवाओं के माध्यम से इस स्थिति के बाहर निकला जा सकता है। लेकिन देरी या अनदेखी करने पर



मेटाबॉलिक डिसऑर्डर के कारण स्वास्थ्य समस्याएं और बढ़ सकती हैं। इसलिए समझदारी इसी में है कि यहां बताए गए लक्षणों पर नजर रखें और डॉक्टर से सलाह लेने में देर न करें। *

मेडिकल इश्यू

हाल में ही यह खबर आई कि फिल्म एक्टर सलमान खान को ब्रेन संबंधी 3 गंभीर समस्याएं हैं। इन रोगों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी, डॉ. राजुल अग्रवाल।

# ब्रेन रिलेटेड प्रॉब्लम्स से ग्रसित हैं सलमान खान

हाल ही में अभिनेता सलमान खान ने एक शो के दौरान ब्रेन एन्यूरिज्म, आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशन (एवीएम) और ट्राइजेमिनल न्यूरॉल्जिया, तीन गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का जिक्र किया। इनके बारे में आप सभी को भी जानना जरूरी है, ताकि शुरुआती लक्षण पहचानकर समय रहते इलाज लिया जा सके।

**ब्रेन एन्यूरिज्म:** इस रोग में दिमाग की रक्तनलिका की दीवार कमजोर होने से वहां उभार या बैलून-सा बन जाता है। अगर यह फट जाए तो दिमाग में खून बहने लगता है, जिससे स्ट्रोक या जान का खतरा होता है। कारणों में पारिवारिक इतिहास, बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर, धूम्रपान, बढ़ती उम्र, सिर पर चोट आदि हो सकते हैं। इसके लक्षण अकसर नहीं दिखते, लेकिन फटने पर अचानक तेज सिरदर्द, उल्टी, गर्दन में अकड़न, बेहोशी या देखने में परेशानी हो सकती है। इलाज के तौर पर जल्द निदान के लिए सीटी स्कैन या एमआरआई किया जाता है। पेशेंट की कंडीशन के अनुसार दवाएं या सर्जरी (क्लिपिंग/कोइलिंग) की जरूरत होती है।

**बचाव के लिए सावधानियां:** हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखें। एल्कोहल ड्रिंकिंग, स्मोकिंग और ड्रग्स से बचना चाहिए। सिर में लगी चोट को नजरअंदाज न करें। फैमिली हिस्ट्री है तो नियमित जांच करवाते रहें।



**आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशन:** एवीएम दिमाग या रीढ़ की हड्डी में नसों से संबंधित जन्मजात गड़बड़ी है। इसमें नसें और शिराएं ठीक से न जुड़कर आपस में उलझ जाती हैं, जिससे खून का बहाव असामान्य हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप ब्रेन डैमेज, स्ट्रोक, समझने-बोलने की समस्या या ब्रेन ब्लीडिंग हो सकती है। इसके लक्षणों में सिरदर्द, चक्कर, कमजोरी, फिट्स, भाषण या याददाश्त में बाधा, देखने में परेशानी आदि शामिल हैं। इलाज के लिए डॉक्टर एमआरआई, सीटी एंजियोग्राफी कर सकते हैं। सर्जरी, एंबोलाइजेशन या रेडियोसर्जरी उपचार का हिस्सा हो सकते हैं।

**बचाव के लिए सावधानियां:** सिरदर्द, दौरे या अचानक कमजोरी दिखे तो तुरंत मेडिकल सलाह लें। नियमित चेकअप और डॉक्टर की निगरानी में रहे। बच्चों में पैरालिसिस या दौरे आते दिखें तो एवीएम की जांच कराएं।

**ट्राइजेमिनल न्यूरॉल्जिया:** इस बीमारी में चेहरे की मुख्य नर्व दब जाती है या उसमें गड़बड़ी आ जाती है, जिससे तेज बिजली के झटके जैसा दर्द होता है। यह दर्द कभी भी बोलते समय, हंसते समय, ब्रश करते समय या चेहरा छूने पर अचानक उठ सकता है और बहुत असहनीय होता है। इस रोग का मुख्य कारण नर्व पर खून की नस का दबना, ट्यूमर, चोट या कुछ मामलों में मायलिन शीथ की कमजोरी हो सकती है। इसके लक्षणों में शामिल है अचानक शुरू होने वाला कुछ सेकेंड से कई मिनटों तक रहने वाला तेज दर्द, त्वचा छूने पर और दर्द बढ़ना, खाना खाते, दांत ब्रश करते या हवा लगने से दर्द बढ़ जाना शामिल हैं। इसके इलाज में दवाएं, कभी-कभी सर्जरी, लेजर या रेडियोफ्रीक्वेंसी ट्रीटमेंट शामिल हैं।

**बचाव के लिए सावधानियां:** चेहरे पर बना किसी चोट के दर्द बढ़े, लंबे समय तक बना रहे या दवा लेने से भी न रुके तो तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट से मिलें। चेहरे पर सुन्नपन, कमजोरी या बार-बार दर्द उठे तो विशेषज्ञ के मार्गदर्शन पर ट्रीटमेंट करवाएं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

# माई फिटनेस सीक्रेट रेग्युलर वर्कआउट

फिटनेस फंडा/ निखिल आर्य

सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'तेनाली रामा' में रहस्यमयी अतीत वाले शांत, सजग और समझदार कोतवाल के रोल में एक्टर निखिल आर्य दिख रहे हैं। अपना फिटनेस फंडा और डाइट प्लान के बारे में निखिल यहां बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**डाइट प्लान:** हर इंसान का डाइट प्लान उसकी बॉडी टाइप, एक्टिविटी और दिनचर्या पर निर्भर करता है। मैं खुद किसी एक डाइट प्लान को फॉलो नहीं करता क्योंकि मेरी बॉडी कुछ समय बाद रिस्पॉन्ड करना बंद कर देती है और बदलाव की मांग करती है। लेकिन कुछ नियम हमेशा फॉलो करता हूं, जैसे हर 2 से ढाई घंटे में छोटे मील्स लेना, कभी भी 70% से ज़्यादा पेट नहीं भरना। अगर आपका जिम या वेट ट्रेनिंग रेगुलर है तो प्रोटीन लेवल को मेंटेन रखना जरूरी है। मैं अपने बॉडी वेट के अनुसार प्रोटीन कंज्यूम करता हूं। मैं वेजिटेरियन हूं और प्लांट बेस्ड प्रोटीन पर ज्यादा निर्भर करता हूं। इसके अलावा प्रोटीन के टाइप्स में भी बदलाव करता रहता हूं। डाइट से रिलेटेड एक और नियम फॉलो करता हूं कि जहां तक संभव हो, रात साढ़े आठ बजे के बाद कार्बोहाइड्रेट्स नहीं लेता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** आमतौर पर हफ्ते में 4 दिन वेट ट्रेनिंग करता हूं और 5 से 6 दिन बैडमिंटन खेलता हूं। फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए रोज किसी न किसी रूप में योगा भी जरूर करता हूं।

**टाइम मैनेजमेंट:** वर्कआउट के लिए समय निकालना मेरे लिए कठिन नहीं होता है। सब कुछ मैनेज करने पर और आपकी प्रायोरिटी पर डिपेंड करता है। मेरा मानना है कि बॉडी आपका घर है और उसे हेल्दी-फिट रखने के लिए कुछ भी हो जाए, थोड़ा समय तो उसके लिए निकालना ही चाहिए। एक्सरसाइज बोझ समझकर नहीं करनी चाहिए, एंज्वॉयएबल होनी चाहिए ताकि समय अपने आप निकल जाए। एक्सरसाइज से ब्रेन में डोपामिन नामक 'हैप्पी हार्मोन' रिलीज होता है, जिससे काम करने की क्षमता भी बढ़ती है। मेरा फिटनेस फंडा है-हेल्दी डाइट और रेग्युलर वर्कआउट। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**











## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए खंडेलवाल और राष्ट्रीय परिषद के 44 सदस्यों के लिए नामांकन पत्र जमा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संगठन पर्व की प्रक्रिया एक जुलाई मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रारंभ हुई। केंद्रीय मंत्री व मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान, पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक सरोज पाण्डेय और राज्य निर्वाचन अधिकारी विवेक नारायण शेजवलकर के समक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक हेमंत खंडेलवाल का प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन-पत्र जमा कराया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेन्द्र कुमार, सावित्री ठाकुर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह, प्रहलाद सिंह पटेल एवं कैलाश विजयवर्गीय की ओर से पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रस्तावक बने।

### सबसे ज्यादा 8 बार मालवा-निमाड़ अंचल को मिला मौका, दूसरे नंबर पर ग्वालियर अंचल, जहां से 4 बार प्रदेश में भाजपा का मुखिया रहा

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने वाले मध्य क्षेत्र से शिवराज के बाद हेमंत दूसरे नेता

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बाद हेमंत खंडेलवाल दूसरे ऐसे नेता हैं जो मध्य क्षेत्र से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने से पहले शिवराज मई 2005 से फरवरी 2006 तक प्रदेश अध्यक्ष रहे थे।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके शिवराज सिंह चौहान पिछड़ा वर्ग से हैं, जबकि हेमंत खंडेलवाल सामान्य वर्ग से आते हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों के कार्यकाल पर नजर डालें तो इस पद पर मालवा-निमाड़ अंचल के नेताओं को सबसे ज्यादा 8 को प्रदेश अध्यक्ष बनने का मौका मिला है। दूसरे नंबर पर ग्वालियर अंचल रहा, जहां से 4 बार प्रदेश में भाजपा का मुखिया रहा।

### मालवा-निमाड़ से पटवा दो बार रहे अध्यक्ष



#### महाकौशल क्षेत्र से दो बार मिल चुका संगठन को नेतृत्व

महाकौशल क्षेत्र से भाजपा को दो बार प्रदेशाध्यक्ष मिला। पहली बार सामान्य वर्ग के शिवप्रसाद चनपुरिया 1985 से 1986 से तक अध्यक्ष रहे। दूसरी बार इसी वर्ग के राकेश सिंह को मौका मिला। वे 2018 से 2020 तक संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रहे। वर्तमान में राकेश सिंह पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। अविभाजित मध्य प्रदेश के समय छत्तीसगढ़ के दो नेता भी मप्र भाजपा अध्यक्ष रहे हैं। रायगढ़ से सामान्य वर्ग के लखीराम अग्रवाल ने 1990 से 1994 तक और आदिवासी वर्ग से नंदकुमार साय ने 1997 से 2000 तक प्रदेश संगठन की कमान संभाली थी।

#### इन्होंने भी संभाली थी कमान

*मालवा-निमाड़ क्षेत्र से भाजपा ने सबसे ज्यादा 8 बार संगठन को नेतृत्व दिया। भाजपा के पहले प्रदेशाध्यक्ष रहे सामान्य वर्ग के सुंदरलाल पटवा मंदसौर से थे। इस पद पर वे दो बार रहे। पहली बार 1980 से 1983 तक और दूसरी बार 1986 से 1990 तक। इसके बाद सामान्य वर्ग से ही रतलाम के लक्ष्मीनारायण पाण्डे 1994 से 1997 तके प्रदेशाध्यक्ष रहे। धार के पिछड़ा वर्ग के विक्रम वर्मा 2000 से 2002 तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। इसी तरह देवास से इसी वर्ग के कैलाश जोशी ने 2002 से 2005 तक संगठन का नेतृत्व किया। उज्जैन के अजा वर्ग के सत्यनारायण जटिया फरवरी 2006 से नवंबर 2006 तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। खंडवा सांसद रहे सामान्य वर्ग के नंदकुमार सिंह चौहान इस पद पर 2016 से 2018 तक रहे।*

#### नरेंद्र तोमर को भी मिला दो बार मौका

ग्वालियर-चंबल से संगठन को 4 बार नेतृत्व करने का मौका मिला। सामान्य वर्ग के नरेंद्र सिंह तोमर को दो बार कमान सौंपी गई। पहली बार वे 2006 से 2010 तक और दूसरी बार 2012 से 2014 तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। 2014 में वो मोदी कैबिनेट में शामिल हुए। इसके बाद कमान सामान्य वर्ग के प्रभात झा को मिली। वे 2010 से 2013 तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष सामान्य वर्ग के वीडी शर्मा भी चंबल से हैं। उन्हें 2020 में संगठन की कमान सौंपी गई थी।

## कार्यकर्ताओं में उत्साह, नेता बोले: पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि

### बैतूल में जिला भाजपा कार्यालय में हुई आतिशबाजी, कार्यकर्ताओ ने एक-दूसरे को खिलाई मिठाई

भारतीय जनता पार्टी द्वारा बैतूल विधायक हेमंत विजय खंडेलवाल को मध्यप्रदेश भाजपा का अध्यक्ष चुना गया है। हालांकि औपचारिक घोषणा बुधवार को की जाएगी। इधर खंडेलवाल के नाम चुने जाने के बाद बैतूल सहित प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं के बीच खुशी का माहौल है। बैतूल में जिला भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी के साथ ही कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं भाजपा नेताओं ने निर्वाचन की प्रक्रिया को पर्व बताते हुए पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि निर्णय कहा है।

#### सभी कार्यकर्ताओं को बधाई



मप्र वह स्थान है, जहां आजादी के बाद जनसंघ में सबसे पहले हमारी नगरपालिकाएं जीती, नगर निगम जीती, विधानसभा-लोकसभा सीट जीतने का रिकार्ड है। हमारा संगठन पर्व बाकी पार्टियों के लिए भी मिसाल है। संगठन की परंपरा के अनुसार, नामांकन पत्र जमा हुए हैं। बुधवार को परिणाम घोषित होंगे। मेरी ओर से सभी कार्यकर्ताओं को बधाई।

**डॉ. मोहन यादव**
**मुख्यमंत्री, मप्र**

#### कार्यकर्ताओं में उत्साह है



हमारे चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में प्रारंभ हुई है। बुधवार को इसकी प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ घोषणा होगी। भाजपा का संगठन का पर्व, बूथ से लेकर मंडल, मंडल से लेकर जिला, मप्र की परिपूर्णता आज प्रदेश के निर्वाचन के साथ पूरी हो रही है। कार्यकर्ताओ में बहुत उत्साह है। मैं सभी कार्यकर्ताओ और पूरे नेतृत्व को इस बात के लिए बहुत बधाई देता हूं।

**विष्णुदत्त शर्मा**
**प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद**

#### कुशल संगठक को कमान मिली



एक कुशल संगठक को प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिली है। हम लोगों ने उनकी संगठन क्षमता को करीब से देखा है। जिले का एक-एक कार्यकर्ता उत्साहित है।

**कमलेश सिंह**
**जिला महामंत्री बैतूल भाजपा**

#### यह गौरव का क्षण है



बैतूल जिले के लिए यह गौरव का क्षण है, जिले का एक-एक कार्यकर्ता उत्साहित है, हर्षित है। बैतूल भाजपा कार्यालय विजय भवन में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की।

**सुधाकर पवार**
**जिला अध्यक्ष, भाजपा बैतूल**

#### भाजपा में निर्वाचन प्रक्रिया पर्व के समान



भाजपा में गौरवशाली परंपरा है। हम संगठन में होने वाली निर्वाचन की प्रक्रिया को भी पर्व के रूप में मनाते हैं। हम कह सकते हैं कि पर्व मना रहे हैं। जिसका अंतिम चरण संपन्न हुआ है। पार्टी अपने स्तर पर योग्य और बेहतर कार्यकर्ता को प्रदेशाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित करेगी।

**राकेश सिंह**
**मंत्री, मप्र**

#### पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि



सबकी सहमति से एक नाम आया है। बुधवार को उसकी औपचारिक घोषणा होगी। पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि निर्णय होता है। सब निर्णय से सहमत हैं।

**फग्गन सिंह कुलस्ते,**
**सांसद**

#### एक नाम पर सहमत



भाजपा में लोकतांत्रिक पद्धति से सभी निर्वाचन संपन्न होते हैं। इसके तहत प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया भी हुई। बुधवार को घोषणा की जाएगी। लोकतंत्र का मतलब यह भी होता है कि पार्टी में सभी लोग किसी एक नाम पर सहमत होते हैं, वह भी लोकतंत्रा का हिस्सा है।

**भूपेंद्र सिंह,**
**पूर्व मंत्री**

---

### छत्तीसगढ़ में शुरू हुई दुधारू पशु प्रदाय योजना

# 325 आदिवासी परिवारों को मिलेंगी 650 स्पेशल गाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के छह जिलों जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद और सारंगढ़-बिलाईगढ़ में गाय बांटने की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। 325 अनुसूचित जनजातीय परिवार की महिलाओं को साहीवाल नस्ल की 650 गाय दी जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस साल जून के पहले सप्ताह में कोंडागांव जिले के भोंगापाल गांव में दुधारू पशु प्रदाय योजना का शुभारंभ किया था।

#### 50% अनुदान

*राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अधिकारियों का कहना है कि एक गाय की मूल कीमत 75 हजार रुपए है। इसमें 50 प्रतिशत राशि अनुदान में मिलेगी। 40 प्रतिशत लोन और दस प्रतिशत हितग्राही को जमा करना होगा। महिलाओं को गाय पालने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक परिवार को दो गाय दी जाएगी।*

#### छह जिलों में शुरू हुआ पायलट प्रोजेक्ट

राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित के माध्यम से यह पायलट प्रोजेक्ट छह जिलों में शुरू किया गया है, जिसके सफल क्रियान्वयन के बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनके आर्थिक और सामाजिक स्तर में सुधार लाना है। इससे राज्य में दुग्ध उत्पादन भी बढ़ेगा। वर्तमान में प्रदेश में प्रतिदिन 58 लाख किलोग्राम दूध का उत्पादन किया जा रहा है।

## डॉ. पुष्पा राही का निधन साहित्यजगत की एक अपूरणीय क्षति

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ साहित्यकार बालस्वरूप 'राही' की सहधर्मिणी पुष्पा राही, जो स्वयं भी एक बेहतरीन कवयित्री रहीं का एक जुलाई को देर रात उनका निधन हो गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के जानकीदास कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापिका पद से सेवानिवृत्त पुष्पा राही एक बेहतरीन कवयित्री होने के साथ-साथ स्नेह, वात्सल्य और अपनत्व की एक बेमिसाल मूर्ति थीं।



उनके एक दर्जन से अधिक मौलिक काव्य संग्रहों के साथ-साथ उनका रचनाकर्म अनेक प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से भी जन-मानस तक पहुंचा और मुक्तकंठ से सराहा गया। उनका यूं अचानक जाना परिजनों के साथ-साथ पूरे कविकुल के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनको अपने श्री चरणों में उत्तम स्थान दें। बुधवार को यमुना किनारे निगम बोध घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां साहित्य जगत से जुड़े अनेक लोग उपस्थित थे।

# दिल्ली-एनसीआर में डिज्नीलैंड बनाने की तैयारी, शेखावत से मिले सीएम नायब

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा को पर्यटन की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इससे पर्यटन और उद्योग को नई पहचान मिलेगी। अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इस नई कार्ययोजना के तहत हरियाणा सरकार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में डिज्नीलैंड बनाने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही, राज्य को वैश्विक मंच पर तीर्थाटन के रूप में स्थापित करने के लिए सूरजकुंड में हर वर्ष तीन मेलों का आयोजन करने तथा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को ओर बड़े रूप में मनाने के लिए केंद्र सरकार से आर्थिक सहयोग की अपील की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इन परियोजनाओं के संबंध में बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने व वैश्विक मानचित्र पर पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सहयोग मांगा।

**सैनी बोले, पर्यटन की दृष्टि से हरियाणा को नई पहचान मिलेगी**

■

**सूरजकुंड में एक साल में 3 मेले लगेंगे**



#### आर्थिक-सामाजिक लाभ मिलेंगे

सैनी ने कहा कि डिज्नीलैंड हरियाणा, खासकर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला अवसर साबित होगा। इस डिज्नीलैंड से प्रदेश के साथ-साथ देश को आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक लाभ मिलेंगे। इस परियोजना का उद्देश्य बाजार और कनेक्टिविटी का लाभ उठाकर एक विश्व स्तरीय मनोरंजन केंद्र बनाना है। इस परियोजना से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

# जनसंपर्क आयुक्त डॉ. खाड़े ने संचालनालय में रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने मंगलवार को जनसम्पर्क संचालनालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने अशोक और गुलमोहर का पौधा लगाया। इस अवसर पर जनसम्पर्क के स्टाफ ने आयुक्त जनसम्पर्क को उनके जन्मदिवस के अवसर पर बधाई दी। इस दौरान अपर संचालक जीएस वाधवा, अपर संचालक संजय जैन एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

### क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निर्माण योजना के क्रियान्वयन के लिए 4 हजार 572 करोड़ रुपए की मंजूरी

# ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना लांच करने जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा, जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गो-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

ये ग्राम आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेंगे। कैबिनेट की बैठक में आज इस मसौदे का अनुमोदन कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया। इस योजना के तहत गो-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय भोपाल में स्थापित किए जाने पर सैद्धांतिक स्वीकृति

- ▶▶ प्रत्येक विधानसभा में एक गांव का होगा चयन
- ▶▶ कैबिनेट की बैठक में हुआ निर्णय



#### कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किए जाएं, ताकि वे उदाहरण बनें

राज्य शासन का मानना है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किए जाएं, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर हों। इन चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ मुख्य रूप से गोवंशीय एवं अन्य दुधारू पशुओं के पालन, दुग्ध-उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जहां स्वच्छता एवं हरियाली के साथ-साथ गोसेवा और आध्यात्मिकता से समन्वित आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रत्यक्षतः दृष्टिगोचर हो।

#### वृंदावन ग्राम में मिलेंगी सुविधाएं

*वृन्दावन ग्राम में विभिन्न विभागों के माध्यम से जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जाना है, वे 6 श्रेणियों में होगी। चयनित वृन्दावन ग्राम में अधोसरंचना के लिए गोशाला, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल भवन, यात्री प्रतीक्षालय, सोलर स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय, सर्वसुविधायुक्त आजिविका भवन-ग्रामीण आजीविका के लिए वर्कशेड, पशु चिकित्सालय आदि की सुविधाएं मिलेगी।*

#### कुल 1266 नवीन पदों की स्वीकृति

*कैबिनेट ने नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मप्र न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में 202 वैज्ञानिक अधिकारी को सम्मिलित कर कुल 1266 पदों की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 176(3) के क्रियान्वयन के लिए 7 वर्ष या उससे अधिक सजा वाले समस्त अपराधों में फॉरेंसिक विशेषज्ञ के अनिवार्य तथा आवश्यक भ्रमण के लिए 1266 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई। नए कानून को लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।*

#### राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना भोपाल में किए जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति

कैबिनेट ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर के परिसर की स्थापना भोपाल में किए जाने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) की स्थापना के लिए तीन वर्षों के लिए प्रति वर्ष एक करोड़ 5 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

#### गोपालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा

मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के उद्देश्यों में गोपालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा देना। ग्राम को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ सहकारिता के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय का प्रसार करना, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण तथा सौर ऊर्जा संबंधी गतिविधियों को जनभागीदारी से क्रियान्वित करना, चारागाह विकास, ग्राम में अधोसंरचना विकास, ग्रामीण परिवारों का रोजगार/स्वरोजगार आधारित आर्थिक सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों को अपनाते हुए सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

## चिंतन

# कोरोना वैक्सीन पर चल रही चर्चाओं पर लगे तुरंत विराम

बीते तीन सालों से कोरोना के दौरान लगाई गई वैक्सीन को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इन चर्चाओं की शुरुआत हार्ट अटैक के बाद अचानक हो रही मौत के बाद शुरू हुई। देश में एक के बाद एक हार्ट अटैक से मौत के मामले सामने आ रहे थे। हद तो तब हो गई, जब कर्नाटक के हासन जिले में एक महीने के अंदर 20 से अधिक लोगों की मौत हार्ट अटैक से हो गई। इनमें अधिकतर युवा थे। हासन का प्रशासन यह समझ नहीं पा रहा कि अचानक इतनी मौतें दिल की बीमारी से क्यों हो रही हैं। इस बीच मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने हार्ट अटैक और कोविड वैक्सीन की थ्योरी पेश कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कोविड वैक्सीन पर सवाल उठाए हैं। इसके बाद तो पूरे देश में कोविड वैक्सीन को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया। इससे न केवल आम आदमी के मन में डर का माहौल पैदा हुआ बल्कि वैक्सीन को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े हो गए, क्योंकि देश में 220 करोड़ वैक्सीन का प्रयोग किया गया ताकि देशवासियों को सुरक्षित रखा जा सके, लेकिन वैक्सीन को लेकर भ्रम पैदा होने के पीछे एक कारण यह भी रहा कि ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अप्रैल, 2024 में माना था कि उनकी कोविड वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि ऐसा बहुत दुर्लभ मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोविशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई थी। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। इसके अलावा इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से एक रिपोर्ट लिखी। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है। इसके बाद देश में हार्ट अटैक से मौतों को वैक्सीन से जोड़ने की चर्चाएं शुरू हो गई। अब इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने अपनी स्टडी में पाया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइड इफेक्ट के मामले रेयर हैं। अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं। भारत बायोटेक ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोविशील्ड बनाई थी। अब नई रिसर्च से साफ हो गया है कि वैक्सीन को अचानक हो रही मौतों से कोई लेना-देना नहीं है। इस तरह की चर्चाओं पर तुरंत विराम लगना चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि ऐसी बातें आम आदमी के मन में भय पैदा करती हैं, जो किसी भी तरह से देश व समाज के लिए अच्छा नहीं है।



शिक्षा का अधिकार
राजीव भारद्वाज

# ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ें

2024 के परीक्षा परिणामों के अनुसार देशभर में 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 50 लाख छात्र अगली कक्षा में नहीं पहुंच पाए। इनमें से कोई परीक्षा में असफल हुआ, तो कोई आर्थिक या पारिवारिक वजहों से परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सका। शिक्षा केवल किताबें पढ़ना नहीं है, यह जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा अस्त्र है। यदि हम हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ पाएं, तो न केवल उसका जीवन सुधरेगा, बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हर बच्चा पढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। अब समय है कि सरकार, समाज और हम सब मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।

जब किसी देश के लाखों बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो जाएं, तो यह केवल एक शैक्षणिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी होती है। भारत के सभी 66 शिक्षा बोर्ड - 2024 के परीक्षा परिणामों ने एक ऐसी ही चिंताजनक तस्वीर सामने रखी है। 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 50 लाख छात्र अगली कक्षा में नहीं पहुंच पाए। इनमें से कोई परीक्षा में असफल हुआ, तो कोई आर्थिक या पारिवारिक वजहों से परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सका।

यह उन बच्चों की कहानी है जो शिक्षा से कटकर जीवन की मुख्यधारा से भी अलग हो गए। ऐसे में बड़ा सवाल है कि पढ़ाई से दूर होने वाले इन बच्चों को कैसे मुख्यधारा में जोड़ा जाए, कैसे इन बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम और बाल दुर्व्यापार और ऑनलाइन यौन शोषण जैसी समस्याओं से बचाया जाए? आखिर इस समस्या की जड़ कहां हैं, क्या है समाधान? शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 10वीं कक्षा में 22.17 लाख छात्र फेल हुए और 4.43 लाख ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। वहीं, 12वीं कक्षा में 20.16 लाख छात्र फेल हुए और 4.6 लाख परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इसके अलावा 9 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन के बावजूद परीक्षा में हिस्सा नहीं लिया। यानी कुल मिलाकर 50 लाख से अधिक छात्र पढ़ाई से दूर हो गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चे अपनी शिक्षा बीच में छोड़ने के लिए मजबूर हुए। यह सिर्फ उनका व्यक्तिगत नुकसान नहीं है, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए एक गंभीर चुनौती है। शिक्षा से वंचित ये बच्चे न केवल अपने भविष्य से कट जाते हैं, बल्कि बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार और बाल यौन शोषण जैसे खतरों की ओर भी धकेल दिए जाते हैं।

समस्या की जड़ ड्रॉपआउट की समस्या का कारण केवल परीक्षा में असफल होना या किसी कारणवश परीक्षा छोड़ना ही नहीं है। इसकी जड़ें कहीं गहरी हैं और कारण भी अनेक हैं जैसे- आज की शिक्षा परीक्षा प्रणाली में सफलता का मानक अंकों पर आधारित है। यह दृष्टिकोण छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ाता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं जिससे कई बार वे इस सदमे से बाहर नहीं निकल पाते। वहीं गरीब परिवारों में बच्चों से काम करवाना या उनकी जल्दी शादी करवा देना आज भी सामान्य है। जबकि आज राज्य से लेकर केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं हैं जो प्राइमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा व कौशल विकास में सहयोग करती हैं। लेकिन अक्सर काउंसलिंग के अभाव के चलते छात्र-छात्राओं को असफलता के बाद समुचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। वे नहीं जान पाते कि आगे क्या करें। इस तरह असमंजस की स्थिति में वे गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं। शिक्षा से वंचित बच्चों के असामाजिक गतिविधियों में फंसने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसे में ड्रॉपआउट बच्चे शातिर गिरोहों, नशे और डिजिटल शोषण के शिकार बन सकते हैं। इससे देश को कुशल मानव संसाधन का भी भारी नुकसान होता है। यदि यही ड्रॉपआउट बच्चे पढ़ाई जारी रखें तो वे अपने पैरों पर खड़े होकर देश के विकास में भागीदारी करेंगे और यदि हम



उन्हें शिक्षा से जोड़ने में विफल रहे, तो चुनौतियों से भरी हुई एक पीढ़ी को संभालना भी मुश्किल हो जाएगा।

आज के दौर में शिक्षा ही वह चाबी है जो बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त कर सकती है। सरकार ने अनेक योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को सर्वसुलभ बनाया है, लेकिन इनकी जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचना भी जरूरी है। यदि 12वीं तक की शिक्षा सभी के लिए पूरी तरह मुफ्त और अनिवार्य कर दी जाए, तो आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ने की दर में भारी कमी आएगी। खासकर लड़कियों को स्कूल से जोड़ना, उन्हें बाल विवाह से बचाने का सबसे कारगर तरीका है। शिक्षा से बच्चों को न सिर्फ ज्ञान, बल्कि अपने अधिकारों के लिए खड़े होने की ताकत मिलती है। यदि जन-जागरुकता अभियानों के माध्यम से शिक्षा का महत्व समझाया जाए, तो सामाजिक सोच में बदलाव आएगा। असली बदलाव तब होगा जब समाज समझेगा कि हर लड़की को पढ़ने का अधिकार है। इसके अलावा समय-समय पर काउंसलिंग भी ड्रॉपआउट को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ऐसा नहीं है कि इतनी बड़ी संख्या में ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से जोड़ने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों या शिक्षा बोर्डों की है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। इसमें गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिक्षाविद मिलकर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे ही नागरिक समाज संगठनों में सबसे प्रमुख नाम हैं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) जो बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। जेआरसी नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है, जो अपने 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठनों के साथ देश के 418 जिलों में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार और बाल यौन शोषण के खिलाफ कार्यरत है।

जेआरसी ने देशभर में लाखों बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करा कर उन्हें शिक्षा से जोड़ा है। साथ ही, इन मुक्त कराए गए बच्चों का पुनर्वास भी कराया है। क्योंकि यदि इनकी शिक्षा व सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए तो ये बच्चे गंभीर समस्याओं के दुष्चक्र में फंस जाएंगे। यह समय है जब हमें परीक्षा में फेल हुए या पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को केवल आंकड़ों की तरह नहीं, बल्कि एक संभावनाशील मानव संसाधन के रूप में देखना चाहिए। शिक्षा केवल किताबें पढ़ना नहीं है, यह जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा अस्त्र है। यदि हम हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ पाएं, तो न केवल उसका जीवन सुधरेगा, बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हर बच्चा पढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। अब समय है कि सरकार, समाज और हम सब मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। शिक्षा से वंचित ये बच्चे न केवल अपने भविष्य से बल्कि देश के विकास से भी कट जाते हैं। यह समय है जब सरकार, प्रशासन, समाज और प्रत्येक नागरिक को मिलकर एक समग्र रणनीति बनानी चाहिए। बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लचीली नीतियों, बेहतर काउंसलिंग और आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शिक्षा सिर्फ स्कूल जाने तक सीमित नहीं है, यह बच्चों के जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा हथियार है।

हर बच्चा अगर पढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। इसलिए यह हमारा नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में वापस लाएं। इस समस्या से निपटने के लिए, सरकार और समाज को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश देने चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी बच्चा पढ़ाई छोड़कर घर न बैठे।

(लेखक बाल अधिकार कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा




# प्लास्टिक बैग से मुक्ति आमजन का बने संकल्प

प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल की अति आज गंदगी से अटी गलियों से लेकर बरसात में जल जमाव होने तक, बहुत सी समस्याओं की वजह बन रही है। सहजता और सुविधा के लिए बिना सोचे-समझे प्लास्टिक बैग्स का उपयोग और सही ढंग से निस्तारना न करना जल, थल और वायु प्रदूषण प्रदूषण का अहम कारण है। इस मोर्चे पर लोगों को जागरूक करने ने लिए हर वर्ष 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर सजगता लाने से जुड़ा यह दिन लोगों को प्लास्टिक बैग का उपयोग घटाने के लिए प्रोत्साहित करने का उद्देश्य लिए हैं। दरअसल, जल और जमीन को प्रदूषित करने वाली प्लास्टिक की थैलियां वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कभी खाने तो कभी उलझने के लिए प्लास्टिक बैग बहुत से समुद्री जीवों का दम घोंट देते हैं। यह वाकई पीड़ादायी है कि हर साल 100,000 से ज़्यादा समुद्री जीव प्लास्टिक की थैलियों के कारण मारे जाते हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि अब 100 प्रतिशत शिशु समुद्री कछुओं के पेट में प्लास्टिक होता है। यहां तक कि इन्सानों के उपभोग के लिए पकड़ी गई 3 में से 1 मछली में भी प्लास्टिक होता है। इसका अर्थ है कि यह स्थिति मानव जीवन के लिए भी बड़ा जोखिम बन रही है। चिंतनीय है कि सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियां जीवन से हर पहलू के मुसीबत साबित हो रही है। जल हो या भूमि, हर जगह प्रदूषण फैलाती हैं। बावजूद इसके इन्सानों की सुविधा के लिए इनकी खपत बढ़ती ही जा रही है। ध्यातव्य है कि हर मिनट 10 लाख से अधिक प्लास्टिक थैलियां कूड़े में फेंकी जाती हैं। कुछ समय केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा कहा गया था कि हमारे यहां हमारे प्लास्टिक का इस्तेमाल दोगुना हो गया। यही प्लास्टिक देश के गली-मुहल्लों से लेकर नदी तालाब और समुद्र तक जा पहुंचता है। एक अकेले अमेरिका में ही प्रतिवर्ष लगभग 327 बिलियन प्लास्टिक बैग समुद्र में पहुंचते हैं। धरती के हर कोने में ही पृथ्वी का जीवन आधार कहे जाने वाले महासागर प्लास्टिक से अट गए हैं। चेतावनी देती इन स्थितियों को लेकर गंभीरता से सोचना आवश्यक है। जिस दर से हर साल समुद्र को प्लास्टिक से प्रदूषित किया जा रहा है, उससे समुद्री जीवन और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले नुकसान की भरपाई लगभग नामुमकिन बात है। ऐसे में यह दिन लोगों को प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करने और प्लास्टिक रिसाइकिलिंग को लेकर आमजन को जागरूक करता है। फिलहाल दुनिया भर में उपयोग किए जाने वाली प्लास्टिक थैलियों में से केवल 10 फीसदी का ही रिसाइकिलिंग किया जाता है। तकलीफदेह है कि परंपरागत जीवनशैली वाले हमारे देश में भी एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग एक आम घरेलू वस्तु बन गए हैं। उपभोक्ताओं को खरीदी गई हर वस्तु प्लास्टिक बैग्स में ही दी जाती है। ये थैलियां खरीदारी के समय सुविधाजनक तो लगती हैं पर बरसों तक नष्ट नहीं होने के चलते पर्यावरण के हर हिस्से के लिए बड़ी चिंता बनी हुई हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों को तो विघटित होने में 700 साल और पूरी तरह से खराब होने में 1000 साल लगते हैं। यह कूड़ा धरती के किसी ना किसी हिस्से को प्रदूषित कर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बनता है। प्लास्टिक की थैलियां लैंडफिल में लम्बे समय तक रह सकती हैं। ऐसे में समग्र परिवेश में कचरा जमा करने वाले प्लास्टिक बैग्स का सीमित और सूझबूझ एक साथ उपयोग करना आवश्यक है। विचारणीय है कि बार-बार उपयोग में आने वाला थैला इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। हमें सोचना होगा कि जमीनी जीवनशैली और जीवन से जोड़ता थैला आखिर क्यों गुम हो गया? डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग्स से मुक्ति पाने और ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण के अनुकूल विकल्प के रूप में देखें तो बार-बार उपयोग किया जा सकने वाला थैला इंसानी जीवन और धरती दोनों को बचाने वाला साथी है। समझना मुश्किल नहीं कि मौजूदा जीवनशैली में यूज एंड थ्रो की संस्कृति की ओर झुकाव बढ़ा ही है। इस रुझान ने दुनिया के हर हिस्से में बसे लोगों में प्लास्टिक बैग्स का उपयोग बढ़ाया है। परंपरागत जीवनशैली और कम से कम चीजों को कचरा समझकर फेंकने वाले भारतीय समाज में भी यह आदत जड़ें जमा चुकी है, जबकि मूल रूप से हमारे परिवारों में पुरानी चीजों या सामानों का भी इस्तेमाल करने की रिवायत रही है। ऐसे में पृथ्वी को पॉलिथिन की गिरफ्त से मुक्त कराने में थैले के इस्तेमाल का सहज सा कदम बेहद प्रभावी साबित हो सकता है। सिंगल यूज प्लास्टिक बैग्स के इस्तेमाल में कमी लाने के लिए यह सबसे व्यावहारिक तरीका है। इसके लिए आमजन का सहयोग और सजगता सबसे जरूरी है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## गावत संतत संभु भवानी



संकलित
दर्शन

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

## जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी संपत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहां-तहां भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची-नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वन महोत्सव, वन वीक

भारत में एक सप्ताह की वृक्षारोपण वन महोत्सव की शुरुआत 1950 में देश के तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री केएम मुंशी ने की थी। इसका एकमात्र लक्ष्य हमारे वनों को उगाने और बढ़ाने के महत्व को फैलाना और वनों की कटाई के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस बार 2025 के वन महोत्सव, जो कि एक जुलाई से सात जुलाई 2025 तक मनाया जा रहा है, में हमें 'एक पेड़ मां के नाम' थीम को अपनाना चाहिए और न केवल पेड़ लगाकर बल्कि उनका पालन पोषण करके धरती मां के प्रति अपना प्यार और आभार प्राप्त करें। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

*- प्रतीक अग्रवाल, महासमुंद*

## ट्रेंड

### खेल नीति को मंजूरी



पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है, जो देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है।

-जे.पी. नड्डा, प्रधानमंत्री


### आंदोलन, संघर्ष और सेवा



जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की यात्रा में बीते पांच दशकों में जो आंदोलन, संघर्ष और सेवा का इतिहास रचा गया है, उसी की परिणति है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुकी है। इस गौरवशाली यात्रा का आधार हमारे करोड़ों कार्यकर्ता हैं।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### शिक्षा के प्रति अन्याय



बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की आड़ में स्कूलों को बंद करने वाला जो फैसला लिया गया है, वह ग़रीबों के करोड़ों बच्चों को दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति अन्याय है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### क्रिकेट का समर्थन




टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड में होना हमेशा खुशी की बात होती है, मैदान के आस-पास की हलचल से बढ़कर कुछ नहीं होता। एक ऐसा देश जो हर मायने में टेस्ट क्रिकेट का समर्थन करता है।

-रवि शास्त्री, भारतीय क्रिकेट कमेंटेटर

## करंट अफेयर

# पाक में पोलियो का एक और मामला उजागर



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो वायरस का एक और मामला सामने आया है जिससे देशभर में इस साल अब तक संक्रमित मामलों की कुल संख्या बढ़कर 14 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच), इस्लामाबाद की पोलियो उन्मूलन क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने बताया कि नया मामला प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले से सामने आया है, जहां 19 महीने के एक बच्चे में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस नए मामले के साथ ही खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो के मामलों की कुल संख्या अब आठ हो गई है। इससे पहले इस साल सिंध में चार और पंजाब तथा गिलगित-बाल्टिस्तान में एक-एक मामले की पुष्टि हुई थी। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ दुनिया के उन दो देशों में शामिल है, जो अब भी पोलियो से मुक्त नहीं हुए हैं। वायरस को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों के बावजूद, सुरक्षा के मुद्दों, टीके लगवाने में हिचकिचाहट और गलत सूचना जैसी चुनौतियों ने बीमारी से उबरने की प्रगति को धीमा कर दिया है। इस साल पाकिस्तान में अब तक फरवरी, अप्रैल और मई में तीन देशव्यापी पोलियो रोधी अभियान चलाए जा चुके हैं। पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन प्रयासों को अक्सर सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## ऑफ बीट

# क्या बुरी खबरें परेशान करती हैं? समाचारों से कैसे जुड़ें



अगर आपको हाल के दिनों में लग रहा है कि समाचारों में नकारात्मकता कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है, तो आप अकेले नहीं हैं। इसके बावजूद, अधिकतर लोग समाचारों से खुद को अलग नहीं कर पाते और न ही करना चाहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समाचारों से जुड़ाव जहां एक ओर दुनिया की घटनाओं को समझने में मदद करता है, वहीं दूसरी ओर इसका मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकता है। प्रश्न, समाचार क्यों कर रहे हैं मानसिक रूप से प्रभावित। हमारा मस्तिष्क सुरक्षा और अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और खतरे की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया करता है। बार-बार नकारात्मक समाचार देखने से यह तंत्र सक्रिय हो जाता है, जिसे 'डूम-स्क्रॉलिंग' कहा जाता है, और यह मानसिक रूप से थकान पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि असंपादित या असंवेदनशील दृश्य, विशेषकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही त्रासदी की ग्राफिक फुटेज, पारंपरिक मीडिया की तुलना में अधिक मानसिक प्रभाव डालती है। शोध बताते हैं कि नकारात्मक समाचारों की अधिकता चिंता, अनिश्चितता और असुरक्षा की भावना को बढ़ा सकती है। कुछ मामलों में, यह 'विकेरियस ट्रॉमा' का कारण भी बन सकती है, जिसमें व्यक्ति बिना प्रत्यक्ष अनुभव के ही तनाव, अरुचिकर यादों और नींद की समस्या महसूस करता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शक को किया खारिज और बोले

# मैं ही 5 साल तक मुख्यमंत्री बना रहूंगा, इसमें कोई संदेह नहीं

## सीएम ने किया दावा- राज्य में कांग्रेस एकजुट और चट्टान की तरह मजबूत रहेगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच सीएम सिद्धारमैया ने संदेह दूर करते हुए कहा कि मैं पांच साल तक कर्नाटक का सीएम बना रहूंगा। इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी एकजुट है और यह सरकार पांच साल तक चट्टान की तरह मजबूतरहेगी। रिपोर्टर्स ने जब उनसे यह सवाल किया कि क्या वह पांच साल तक सीएम बने रहेंगे? इस पर सिद्धारमैया ने कहा कि हां मैं 5साल तक सीएम रहूंगा। इसमें कोई शक नहीं। आपको संदेह क्यों है? उधर, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी कहा कि पार्टी किसी तरह का असंतोष नहीं है।



### भाजपा-जेडीएस कोई हाईकमान नहीं?

भाजपा और जेडी(एस) नेताओं द्वारा सीएम को बदले जाने के दावों पर सिद्धारमैया ने पलटवार करते हुए कहा कि क्या वे हमारे हाईकमान हैं? आर अशोक (विधानसभा में विपक्ष के नेता) भाजपा के आदमी हैं। बीवाई विजयेंद्र (राज्य भाजपा अध्यक्ष) भाजपा के आदमी हैं। चालावाड़ी नारायणस्वामी (विधान परिषद में विपक्ष के नेता) भाजपा के आदमी हैं। अगर वे ऐसी बातें कहते हैं तो क्या आप लिखेंगे? आपको पुष्टि करनी चाहिए या नहीं? सरकार की स्थिरता के बारे में झूठ फैलाने का भाजपा पर आरोप लगाते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि कोई भी भाजपा पर विश्वास नहीं करता। वे केवल झूठ बोलते हैं। वे झूठ बोलने में माहिर हैं। वे सच बोलना नहीं जानते। भाजपा के लोग दिन में सपने देख रहे हैं।

### सत्ता शेयर के फॉर्मूले की अटकलें खत्म

राजनीतिक हलकों और खासतौर से सत्तारूढ़ कांग्रेस के अंदर सिद्धारमैया और डिप्डी सीएम डी के शिवकुमार के बीच सत्ता शेयर के फॉर्मूले का हवाला देते हुए ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रदेश में मुख्यमंत्री को बदला जा सकता है। हालांकि, शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं हुई है और उन्होंने राज्य में सीएम सिद्धारमैया और पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में असंतोष की बात गलत है।

### उधर, झलका उपमुख्यमंत्री शिवकुमार का दर्द

## मेरे पास क्या विकल्प है? मुझे साथ खड़ा होना होगा

पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए कर्नाटक का मुख्यमंत्री बने रहने के सिद्धारमैया के बयान के बाद उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है और वह सिद्धारमैया का समर्थन करेंगे। शिवकुमार ने उनके पास कोई विकल्प नहीं होने का संकेत देते हुए कहा कि वह कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों का पालन करेंगे। शिवकुमार ने कहा कि मेरे पास क्या विकल्प है? मुझे उनके साथ खड़ा होना है, उनका (सिद्धरमैया) समर्थन करना है। मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। पार्टी आलाकमान जो भी कहेगा और जो भी चाहेगा, उसे माना जाएगा।जब उनसे यह पूछा गया कि क्या पार्टी उनका समर्थन नहीं कर रही जबकि उनके समर्थक पार्टी के लिए उनके बलिदान का हवाला देते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं, उन्होंने कहा कि मैं इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहता। लाखों कार्यकर्ताओं ने इस पार्टी का समर्थन किया है। यह केवल मेरी बात नहीं है।

### 'क्रमिक मुख्यमंत्री फॉर्मूले' की पुष्टि नहीं की

सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के बीच सत्ता-साझाकरण समझौते का हवाला देते हुए इस वर्ष के अंत में मुख्यमंत्री बदले जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। मई 2023 में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया एवं शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और कांग्रेस शिवकुमार को मनाने में कामयाब रही तथा उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया गया। उस समय कुछ खबरें थीं कि 'क्रमिक मुख्यमंत्री फॉर्मूला' के आधार पर समझौता हुआ है।

## खबर संक्षेप

### स्थानीय निकाय अध्यक्षों को संबोधित करेंगे बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गुरुवार को मानेसर, गुरुग्राम में इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। 2 दिनी सम्मेलन में शहरीकरण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर चर्चा होगी।

### बंदीकुई-जयपुर एक्सप्रेसवे पर ट्रायल रन शुरू



**नई दिल्ली।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जयपुर से जोड़ने वाले बंदीकुई-जयपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर ट्रायल रन बुधवार सुबह 8 बजे से शुरू हो गया है। इस दौरान यात्रियों को 10 दिन तक टोल नहीं देना होगा। एक्सप्रेसवे के शुरू होने से अब दिल्ली से जयपुर की यात्रा सिर्फ 2.5 से 3 घंटे में पूरी की जा सकेगी।

### नाबालिग छात्र का यौन शोषण, शिक्षिका अरेस्ट



**मुंबई।** यहां के एक स्कूल की 40 वर्षीय शिक्षिका को 16 वर्षीय छात्र का बार-बार यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार जानकारी दी कि अंग्रेजी भाषा की शिक्षिका नाबालिग को आलीशान होटलों में ले जाती थी, जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

### ट्रक पलट जाने से तीन कांवड़ियों की गई जान

**नई टिहरी।** टिहरी जिले में बुधवार को कांवड़ियों को ले जा रहे एक ट्रक के पलट जाने से उसपर सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हो गए। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से 21 कांवड़ियों का समूह उत्तरकाशी जिले के हर्षिल जा रहा था और इस दौरान यह दुर्घटना हो गई। मृतकों की पहचान विक्की, सुनील सैनी और संजय के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल की टीम ने ट्रक के अगले हिस्से में फंसे चार साल के बच्चे की जान बचा ली।

### पटना में रक्षामंत्री राजनाथ का 'इंडिया गठबंधन' पर बड़ा हमला

# कांग्रेस और राजद को बस कुर्सी चाहिए, भाजपा की प्रेरणा सिर्फ राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण



सिंह ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा की प्राथमिकताहै। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है

**हमारा उद्देश्य- नागरिकों को सम्मानजनक जीवन देना, हर वर्ग का विकास करना**

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजधानी पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राजद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का सिर्फ एक ही मकसद है, किसी भी तरह सत्ता में बने रहना। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को सम्मानजनक जीवन देना और ऐसी नीतियां बनाना है जिससे समाज के हर वर्ग का विकास हो सके। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर किसी को स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसे प्रभावी कदम उठाए हैं, जिनकी पहले कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि लोग यह सोच भी नहीं सकते थे कि कोई केंद्र सरकार इतना बड़ा आर्थिक बोझ उठा सकती है।

### पीएम मोदी ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया



उन्होंने कहा कि अगर वे सारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करने लगेंगे तो बहुत लंबा समय लग जाएगा, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी नीतियां बनाई हैं जिनसे समाज के हर वर्ग को फायदा मिला है। ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जिसके लिए सरकार ने काम न किया हो।

### सभी को जीने का अधिकार प्राथमिकता

राजनाथ ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और जल्द ही तीसरे स्थान पर होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को भरोसा रखना चाहिए कि बिहार भी तेजी से आगे बढ़ेगा और विकास की इस यात्रा में पीछे नहीं रहेगा।

राजनाथ का ऐलान

### नीतीश ही होंगे बिहार के सीएम



बिहार विधानसभा चुनाव की हलचल अब दिल्ली से पटना तक शुरू हो चुकी है। पटना पहुंचे रक्षा मंत्री सिंह ने बड़ा ऐलान किया और कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को विकसित बनाना है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए राजनाथ ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर है, हमारे मुख्यमंत्री हो या फिर डिप्टी सीएम हों इनके दामन पर कोई दाग नहीं, कोई माई का लाल ये साबित नहीं कर सकता। इस बार का चुनाव केवल विकास पर होगा। उन्होंने बता दिया है कि नीतीश कुमार ही बिहार के अगले सीएम होंगे और बिहार में एनडीए की दो तिहाई बहुमत से सरकार बनेगी।

प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक

### कई अहम मुद्दों पर गहन मंथन किया

बिहार भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक पटना में हुई। इसमें राजनाथ मुख्य अतिथि थे। बिहार में चुनाव है उस लिहाज से भी यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार करेगी। कार्यसमिति में 1,200 से अधिक प्रमुख नेता हिस्सा लिए जो पार्टी के भविष्य में अहम भूमिका निभाएंगे।

### लालू यादव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास

आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने बाबा साहेब का अपमान किया है। भाजपा इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है। बैठक में लालू यादव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया गया। लालू ने जन्मदिन पर आंबेडकर की तस्वीर को अपने पैरों के पास रखा था।

### जायसवाल ने बताया लक्ष्य

बैठक का एक अन्य प्रमुख एजेंडा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव है। इसको लेकर दिलीप जायसवाल ने कहा कि कार्यसमिति इस दौरान एक नया संदेश देगी, जो बिहार की जनता को भाजपा के विजन और विकास के एजेंडे से जोड़ेगा। हमारा लक्ष्य बिहार को विकास के पथ पर और तेजी से ले जाना है। यह बैठक हमारी रणनीति को और मजबूत करेगी। इस बैठक में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया जाएगा।

### सीएम नायब सिंह सैनी ने मॉनसून सीजन को लेकर की तैयारियों की समीक्षा

# समाधान शिविरों के दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें उपायुक्तः मुख्यमंत्री

*उपायुक्तों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जलभराव रोकने के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणाली सुनिश्चित करने के दिए निर्देश*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मौजूदा मॉनसून सीजन के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी ड्रेनों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित की जाए और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से बचने के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणाली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बरसाती पानी के त्वरित निकासी के लिए पर्याप्त संख्या में पंपों की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश बुधवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। सैनी ने कहा कि भारी बारिश की संभावना को देखते हुए सभी उपायुक्त बारिश के पानी की निकासी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने उपायुक्तों को जलभराव के संभावित स्थानों की पहचान कर तदनुसार उचित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। समाधान शिविरों के दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की हिदायत भी सैनी ने उपायुक्तों को दी।

### जलभराव रोकने के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणाली करें सुनिश्चित

*ड्रेनों की सफाई की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विशेष रूप से नगरों एवं शहरों से गुजरने वाले ड्रेनों की समुचित सफाई की जाए ताकि ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न न हो सके। उन्होंने फरीदाबाद में गौंछी ड्रेन को कवर करने की संभावना तलाशने और राज्य की अन्य ड्रेनों के लिए भी इसी प्रकार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ड्रेनों का सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए और जाल लगाकर इनमें कचरा डालने से रोका जाए। बाढ़ की तैयारियों के लिए प्रत्येक जिले को 4.50 लाख रुपए तथा जल निकासी कार्यों के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 50 लाख रुपए आवंटित किए।*

### पर्याप्त पंपों की उपलब्धता करें सुनिश्चित

बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में उपलब्ध पंपों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पंपों को पूरी तरह चालू स्थिति में रखा जाए ताकि वर्षा जल की निकासी में कोई समस्या न हो। उन्होंने सभी उपायुक्तों को जिलों में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा एचएसवीपी के पास पंपों की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

### हरियाणा के राज्यपाल दत्तात्रेय की मौजूदगी में लाल दरवाजा बोनालू उत्सव का भव्य समापन

# तेलंगाना राज्य की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करता है बोनालू उत्सवः बंडारू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित तेलंगाना भवन में सिंहवाहिनी श्री महाकाली देवस्थानम, लाल दरवाजा, हैदराबाद द्वारा आयोजित 11वें वार्षिक बोनालू महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने उत्सव में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सिंहवाहिनी श्री महाकाली देवालयम, लाल दरवाजा, हैदराबाद को इस आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि भविष्य में इसी प्रकार देश की राजधानी दिल्ली में बोनालु महोत्सव मनाया जाता रहे ताकि दिल्ली और उत्तर भारत में रहने वाले तेलंगाना के लोग हमेशा अपनी संस्कृति के जुड़े रहे। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वार्षिक बोनालू महोत्सव नई दिल्ली में मनाया जा रहा है, जो तेलंगाना राज्य की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करता है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में बंडारू दत्तात्रेय ने तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रतिबिंबित करने के लिए बोनालू और बाथुकम्मा जैसे त्योहारों की सराहना की। समारोह के अनुष्ठानों में बंगारू बोनम, पोथुराजु स्वागत और पारंपरिक पूजा शामिल रहे, जिसके बाद शाम को अंबेडकर ऑडिटोरियम में एक शानदार सांस्कृतिक ग्रैंड फिनाले हुआ। इसमें 150 से अधिक कलाकारों ने तेलंगाना की कला रूपों, संगीत और नृत्य का प्रदर्शन किया। इसके पारंपरिक परिधान में महिलाओं ने बोनम लेकर एक आध्यात्मिक रूप से बेहतर प्रदर्शन किया।

### जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' की तैयारियां शुरू



**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने पुरी जिला प्रशासन और पुलिस की मदद से बुधवार को 'हेरा पंचमी' अनुष्ठान पूरा होने के एक दिन बाद भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' (वापसी रथयात्रा) की तैयारियां शुरू कीं। बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं को श्री गुंडिचा मंदिर में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन सुचारू रूप से हो रहे हैं। 5 जुलाई को 'बहुड़ा यात्रा' के लिए तैयारी चल रही है।

### पंजाब के कैबिनेट मंत्री धालीवाल ने नई दिल्ली में पाटिल से की मुलाकात

# केंद्रीय मंत्री पाटिल से अजनाला में बाढ़ से हुए नुकसान हेतु फंड देने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर अजनाला में बाढ़ से हुये नुकसान हेतु फंड देने की मांग की। मंत्री धालीवाल ने कहा कि भारी बाढ़ के दौरान अजनाला में रावी के साथ लगते क्षेत्रों को काफी नुकसान होता है। इसमें न सिर्फ़ हमारे किसानों की कीमती कृषि योग्य ज़मीन का नुक्सान होता है, बल्कि महत्वपूर्ण फौज और बीएस एफ चौकियों को भी भारी नुक्सान होता है। यह नुकसान हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारी सीमा सुरक्षा बलों की संचालन क्षमता को सीधा प्रभावित करता है। इसके इलावा, इन सरहदी इलाकों में बाढ़ों के कारण होने वाला विघ्न बदकिस्मती से नशों की तस्करी की संभावनाओं को बढ़ाता है, जो हमारे राज्य और राष्ट्र के लिए एक गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि यह फंड हमारी ज़मीन की सुरक्षा, हमारे सुरक्षा बुनियादी ढांचे की रक्षा और इस संवेदनशील सरहद पर गैर-कानूनी गतिविधियों के बढ़े हुए जोखिम को रोकने के लिए ज़रुरी प्रोजेक्टों को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। धालीवाल ने केंद्रीय मंत्री को आगे बताया कि इन महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से कंट्रोल करने और घटाने के लिए यह जरूरी है कि हम नदी के इस हिस्से के साथ-साथ महत्वपूर्ण सुदृढ़ीकरण और सुरक्षा उपाय करें। इसमें मज़बूत बाढ़ नियंत्रण बुनियादी ढांचा और सरहदी सुरक्षा प्रतिष्ठिानों को मजबूत करना शामिल होगा।

### किसानी पर 'चीनी संकट'...

# उर्वरक आपूर्ति पर चीन ने लगाया 'फुल स्टॉप': राहुल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया और कि मेक इन इंडिया के नारों के शोर में पता होना चाहिए कि चीन ने भारत को उर्वरक आपूर्ति रोक दी है। देश के किसानो के लिए मुश्किल आने वाली है, क्योंकि 80 फीसदी स्पेशियलिटी फर्टिलाइज़र की आपूर्ति चीन से हो रहा है और चीन ने इस आपूर्ति को रोक दिया है। यह स्थिति भारतीय किसानों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकती है, जो पहले से ही यूरिया और डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) जैसे आवश्यक उर्वरकों की कमी से जूझ रहे हैं।



### घरेलू उत्पादन की कमी और सरकारी नीतियों पर सवाल

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में उर्वरक उत्पादन की क्षमता को बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक नीतियों की आवश्यकता है। हालांकि सरकार ने 'आत्मनिर्भर भारत' का नारा दिया है, लेकिन उर्वरक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में विदेशी निर्भरता कम करने ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निवेश, अनुसंधान और तकनीकी नवाचार की जरूरत है, ताकि किसानों को सस्ते और सुलभ उर्वरक उपलब्ध हो सकें। भारत हर साल लाखों टन उर्वरकों का आयात करता है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा चीन से आता है। स्पेशियलिटी फर्टिलाइज़र की आपूर्ति में कमी से न केवल फसलों की पैदावार प्रभावित होगी, बल्कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है।

### किसानों पर मंडराता 'चीनी संकट'

राहुल ने एक्स पोस्ट में केंद्र पर तीखा हमला बोला, जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार ने इस विदेशी निर्भरता को कम करने के लिए कोई ठोस नीति या योजना नहीं बनाई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह स्पष्ट था कि चीन कभी भी अपनी आपूर्ति रोक सकता है, तब भी सरकार ने घरेलू उर्वरक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम क्यों नहीं उठाया?

### किसानों की बढ़ती निराशा

राहुल ने सरकार की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, उधर प्रधानमंत्री जी खाद की बोरियों पर अपनी तस्वीरें छपवा रहे हैं, इधर किसान 'मेड इन चाइना' पर आश्रित होते जा रहे हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यह आपूर्ति संकट कभी भी और गंभीर हो सकता है, जिसका सीधा असर किसानों की आजीविका और देश की खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। किसानों का कहना है कि बढ़ती कीमतों लागत बढ़ रही है।

# पीएनबी ने दी राहत, अब खाते में न्यूनतम राशि न रखने पर नहीं लगेगी पेनाल्टी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने अकाउंट होल्डर्स को बड़ी राहत दी है। बैंक ने ऐलान किया है कि अब सेविंग्स अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस न मेंटेन करने पर कोई जुर्माना नहीं वसूला जाएगा। बैंक के इस फैसले से अकाउंट में मिनिमम बैलेंस रखने की चिंता से लोगों को राहत मिलेगी।

बैंक का कहना है कि इस कदम का मकसद वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और सभी के लिए बैंकिंग को अधिक सुलभ बनाना है। बैंक का यह नया नियम 1 जुलाई, 2025 से लागू हो गया है। इससे खासतौर पर महिलाओं, किसानों और निम्न आय वाले परिवारों को मदद मिलेगी। पिछले महीने केनरा बैंक ने भी जून के महीने से अपने सभी अकाउंट्स पर एवरेज मंथली बैलेंस (एएमबी) मेंटेन करने की जरूरत को हटा दिया। वहीं, मिनिमम बैलेंस मेंटेन न करने पर बैंक अपने ग्राहकों से जुर्माना वसूलती है। कई बार तो लंबे समय तक अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन न करने पर बैंक अकाउंट तक बंद करा देते हैं। मोटे तौर पर समझे तो बैंक एक बिजनेस है, जो अपने खर्चों को पूरा करने के लिए डिपॉजिट और पेनाल्टी पर ही निर्भर रहते हैं। मिनिमम बैलेंस को लेकर आरबीआई के नियम के मुताबिक, बैंक हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि खाते में मिनिमम बैलेंस मेंटेन न होने पर पेनाल्टी लगने से खाता का बैलेंस कहीं नेगेटिव में न चला जाए।

## पंजाब नेशनल बैंक का नया नियम एक जुलाई से लागू हो गया

### बैंक क्यों थोपते हैं मिनिमम बैलेंस का रूल?

बैंक इसलिए अपने अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन करने के लिए कहती है ताकि अपने ऑपरेशनल खर्चों को पूरा किया जा सके और ग्राहकों को तरह-तरह की सर्विस जैसे कि ऑनलाइन बैंकिंग, एटीएम, ब्रांच वगैरह का खर्च उठा सके। कई बार बैंक मिनिमम बैलेंस मेंटेन करने पर ग्राहकों को अधिक इंटरेस्ट रेट, फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन जैसी सुविधाएं भी देती है।




### इन चीजों से भी बैंकों की होती है कमाई

हालांकि, कई बार बैंक इसलिए इस नियम को हटा देते हैं ताकि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों और कम आय वाले व्यक्तियों को बिना किसी जुर्माने के बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने में आसानी हो। इससे बैंक के ऑपरेशनल कॉस्ट का खर्चा कई दूसरी चीजों से निकल आता है जैसे कि एसएमएस अलर्ट फीस, सर्विस फीस, ट्रांजेक्शन फीस, इंटरेस्ट वगैरह।

## स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार को एसबीआई से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण आभूषणों के तहत ऋण सुविधा के तहत बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। चूंकि कर्जदार इसका पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, हम गिरवीकृत आभूषणों की नीलामी 04.07.2025 को करने के लिए बाध्य हैं। इस नीलामी से फालतू राशि प्राप्त होने की सूरत में, यह सम्बन्धित कर्जदार को लौटा दी जाएगी और यदि नीलामी के पश्चात राशि में कमी रह जाती है तो बकाया राशि उपयुक्त कानूनी कार्यवाही के माध्यम से कर्जदार से वसूल की जाएगी। एसबीआई बिना किसी सूचना के नीलामी तिथि को परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**कर्जदार का नाम : श्री हीरा सिंह**
**ऋण अकाउंट नं. : 42487363740**

नीलामी 04.07.2025 को अप. 4:30 बजे से भारतीय स्टेट बैंक, समयपुर शाखा, बवाना रोड, दिल्ली-110040 शाखा परिसर में आयोजित की जाएगी। इच्छुक खरीदार नीलामी के लिए आ सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि यदि नीलामी समय सीमा की वजह से उसी दिन पूर्ण नहीं हो पाती है, तो यह आगे आने वाले दिवसों को उसी समय और स्थान पर पूर्ण की जाएगी।

भवदीय
बैंक प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक,
समयपुर (06667) दिल्ली 110040

## आरकॉम के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करेगा बैंक

# अनिल अंबानी को बड़ा झटका, आरकॉम के लोन अकाउंट पर भारतीय स्टेट बैंक लेगा कड़ा एक्शन

### बैंक ने अनिल अंबानी का नाम आरबीआई को रिपोर्ट करने का लिया फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है। संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा।

रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

### 21 दिन के भीतर सूचना देनी चाहिए

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/ पुलिस को भी देनी चाहिए। सूचना के अनुसार, रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी अनुषंगी कंपनियों को बैंकों से कुल 31,580 करोड़ रुपये का कर्ज मिला।




### 44 फीसदी का उपयोग कर्ज पटाने में

इस अवधि के बाद, यह निर्णय अलग-अलग संस्थाओं को लेना होगा कि ऐसे उधारकर्ता को ऋण दिया जाए या नहीं तथा धोखाधड़ी वाले खातों के मामले में कोई पुनर्गठन या अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान नहीं की जा सकती हैं। धोखाधड़ी पहचान समिति की रिपोर्ट के अनुसार, कुल ऋण में से 13,667.73 करोड़ रुपये यानी करीब 44 प्रतिशत का उपयोग कर्ज और अन्य दायित्वों के पुनर्भुगतान में किया गया। शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया गया कि 6,265.85 करोड़ रुपये का उपयोग अन्य बैंक कर्ज को चुकाने के लिए किया गया और 5,501.56 करोड़ रुपये का भुगतान संबंधित या जुड़े पक्षों को किया गया, जो स्वीकृत उद्देश्यों से संरेखित नहीं थे। इसके अलावा, देना बैंक से 250 करोड़ रुपये के ऋण (जो वैधानिक बकाया के लिए था) का इस्तेमाल स्वीकृत उपयोग के अनुरूप नहीं किया गया।

### पत्र में यह कहा गया

पत्र में कहा गया है कि तदनुसार, बैंक की धोखाधड़ी पहचान समिति ने आरसीएल के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया है। आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, दंडात्मक प्रावधान, कंपनी के प्रवर्तक निदेशक और अन्य पूर्णकालिक निदेशकों सहित धोखाधड़ी करने वाले उधारकर्ता पर लागू होते हैं।

### कर्ज निर्धारित जगह के बजाय अन्यत्र किया गया


एसबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशन को भेजे पत्र में कहा कि इसमें पाया गया है कि कर्ज के निर्धारित के बजाय अन्यत्र इस्तेमाल के कारण समूह की कई इकाइयों में कोष की आवाजाही का जटिल जाल फैला हुआ है। उसने कहा, "हमने अपने 'कारण बताओ नोटिस' के जवाबों का संज्ञान लिया है और उनकी उचित जांच के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि प्रतिवादी द्वारा ऋण दस्तावेजों की सहमत शर्तों और नियमों का पालन नहीं किया।"

## सोने में 500 रुपये की तेजी, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अमेरिकी शुल्क को लेकर नई चिंताओं के बीच भारी वैश्विक खरीद होने से सोने में यह तेजी देखी गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले सत्र में मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। दो लगातार सत्रों में सोने में 1,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 450 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में यह 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, बुधवार को चांदी की कीमतें 1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।

## रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 प्रति अमेरिकी डॉलर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में मामूली सुधार से भी रुपये पर दबाव पड़ा क्योंकि बाजार निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए बातचीत जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में यह 85.59 पर खुला। इसने कारोबार के दौरान 85.57 के उच्चस्तर तथा 85.75 के निचले स्तर को छुआ।



## उत्तर रेलवे

### ई-खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **25.07.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

**क्रम. सं. (ए) कार्य का नाम :** सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति-I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/पहाड़ गंज के कार्य क्षेत्र में पी.के. रोड रेलवे कॉलोनी में बाहरी सफेदी और पेंटिंग आदि कार्य हेतु।

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|
| रु. 99,99,998.78 | रु. 2,00,000.00 | 06 महीने |

1. निविदा दिनांकः **25.07.2025** को **15:00 बजे** तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

**सं.: 128-डब्लयू/269/खुली ई निविदा सूचना/टेंडर नंः 15/2025-26/डब्लयू-ई दिनांकः 01.07.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1990/2025

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय गौतम, पुत्रः** श्री चंद्र पाल गौतम, **पताः** डी-250, न्यू संजय अमर कॉलोनी, विश्वास नगर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 177/2023 U/s 279/338 IPC and 3/181 M.V. ACT, थानाः कमला मार्केट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय गौतम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय गौतम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 177/2023 U/s 279/338 IPC and 3/181 M.V. ACT, थानाः कमला मार्केट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय गौतम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायशा चड्ढा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी-08 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8128/CD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रजनीश कुमार शर्मा पुत्र बृज मोहन शर्मा, निवासी सनबियाम ऑटो प्राइवेट लिमिटेड, 38/6 K.M. स्टोन दिल्ली जयपुर हाईवे, नर्सिंगपुर, गुड़गांव-122001, हरियाणा** एवं **1588, शिव मंदिर, अकालसिया कलसिया गांव, बेहट, सहारनपुर, यूपी-247120** ने **CT 1061/2020, अन्तर्गत थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजनीश कुमार शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजनीश कुमार शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CT 1061/2020, अन्तर्गत थाना मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रजनीश कुमार शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री सचिन
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-03
पूर्वी जिला, कोर्ट संख्या 16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8638/ED/2025(Court Matter)

## कदम ने सेबी के कार्यकारी निदेशक का पद संभाला

**नई दिल्ली।** सुनील जयवंत कदम ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। कदम सूचना प्रौद्योगिकी, निवेशक सहायता और शिक्षा तथा राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) से संबंधित मामलों सहित कई विभागों को संभालेंगे। वह अपनी नई भूमिका में आर्थिक और नीति विश्लेषण, सामान्य सेवाएं, बोर्ड प्रकोष्ठ, आरटीआई और पीक्यू प्रकोष्ठ की भी देखरेख करेंगे। कदम 1996 से सेबी से जुड़े हैं और इस पदोन्नति से पहले मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।



## दूध, दही से लेकर कपड़े, जूते और बर्तन हो सकते हैं सस्ते

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** जल्द ही जीएसटी काउंसिल बड़े ऐलान कर सकती है। खबर है कि जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में जीएसटी का 12 फीसदी टैक्स स्लैब खत्म हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो दूध, दही, पनीर से लेकर 1000 रुपए से ऊपर के कपड़े, 1000 रुपए तक के जूते, प्रिजर्व्ड फिश, ईंट, क्लीन एनर्जी डिवाइसेज, कंडेंस्ड मिल्क आदि कई सामान सस्ते हो सकते हैं। वैसे 12 फीसदी के टैक्स स्लैब में आने वाले कुछ सामानों को 18 फीसदी स्लैब में भी डाला जा सकता है। वैसे सरकार चाहती है कि रोजमर्रा के सामान को 5 फीसदी के टैक्स स्लैब में डाला जाए। अगर 12 फीसदी के टैक्स स्लैब को खत्म कर दिया जाता है तो कई एफएमसीजी सामान सस्ते हो सकते हैं।


**12 फीसदी जीएसटी स्लैब में आने वाली सेवाएं :** होटल आवास (प्रति रात्रि किराया 7,500 रुपए तक ), नॉन-इकोनॉमी क्लास में हवाई मार्ग से यात्रा परिवहन, कुछ निर्माण कार्य, कुछ मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज और कुछ व्यावसायिक कार्य शामिल हैं।

**इन सामानों पर लगता है 12 फीसदी जीएसटीः** 12 फीसदी के टैक्स स्लैब में मक्खन, घी, प्रोसेस्ड फूड, बादाम, मोबाइल, फलों का रस, सब्जियों, फलों, मेवों या पौधों के अन्य भागों से बनी वस्तुएं जिनमें अचार, मुरब्बा, चटनी, जैम, जेली, पैक्ड नारियल पानी, छाता, 1000 रुपए से ज्यादा के कपड़े, 1000 रुपए तक के जूते शामिल हैं।

### एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी व रिलायंस में रही बिकवाली

# विदेशी कोषों की बिकवाली से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव और अमेरिकी शुल्क टाले जाने की समयसीमा समाप्ति की तारीख करीब आने के साथ सतर्क रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख ने भी धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 287.60 अंक की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 88.40 अंक की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और ट्रेंट शामिल हैं।



## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ट्रैवल फूड सर्विसेज का निर्गम 7 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया के हवाई अड्डों पर त्वरित सेवा रेस्तरां और लाउंज कारोबार संचालित करने वाली ट्रैवल फूड सर्विसेज ने बुधवार को अपने 2,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 1,045 रुपये से 1,100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया।


आरंभिक शेयर-बिक्री सात जुलाई को खुलेगी और नौ जुलाई को समाप्त होगी। कंपनी ने बताया कि एंकर (बड़े) निवेशकों को आवंटन चार जुलाई को होगा। प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक कपूर फैमिली ट्रस्ट द्वारा 2,000 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। इस आईपीओ में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है। कपूर फैमिली ट्रस्ट प्रमुख ब्रांड के हॉस्पिटैलिटी के तहत काम करता है, जो ट्रैवल फूड सर्विसेज सहित कई हॉस्पिटैलिटी और खाद्य सेवा व्यवसायों की देखरेख और निवेश करता है।

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमडीए | जीएमडीए डेटा सेंटर में सिक्योरिटी डिवाइसेस की आपूर्ति, स्थापना, प्रचालन और रखरखाव। | 01.07.2025 30.07.2025 | रु. 9.5 करोड़ (करों और 5 वर्ष के एएमसी समेत) ईएमडी-रु.15,00,000/- | www.gmda.gov.in | 8851491954 adv.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36176/I/88/7 दि. 02.07.25


## शब्द पहेली - 5916




**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5915 का हल





# जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत गॉफ और ज्वेरेव पहले दौर में बाहर

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट



नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, 'मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की चमत्कारिक गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा।' ज्वेरेव को पहले दौर में 72वीं रैंकिंग वाले आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में चार घंटे 40 मिनट में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था और वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में 18 बार तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। पिछले वर्ष विम्बलडन और इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया में 126वें नंबर के खिलाड़ी और यहां क्वालीफायर बेसिलशविली अपने पिछले 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं।

### गॉफ पहले दौर में बाहर



विंबलडन में मंगलवार को उलटफेर का दौर जारी रहा तथा महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (13 पुरुष और 10 महिला) दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे। दूसरे दिन बाहर होने वाले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ियों में 18वें नंबर के उगो हम्बर्ट, 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव, 28वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक और 30वें नंबर के एलेक्स मिशेलसन शामिल थे।

## युकी-गैलोवे की जोड़ी विम्बलडन पुरुष युगल के दूसरे दौर में, बोपन्ना बाहर

**लंदन।** भारतीय खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने बुधवार को यहां मोनाको के रोमेन अर्नेडो और फ्रांस के मैनुअल गुइनार्ड की जोड़ी पर सीधे सेट में जीत दर्ज करके विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सोलहवीं वरीयता प्राप्त भारतीय-अमेरिकी जोड़ी ने एक घंटे 49 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में अर्नेडो और गुइनार्ड को 7-6, 6-4 से मात दी। अब अगले दौर में युकी और गैलोवे की जोड़ी का सामना हालैंड के रॉबिन हासे और जीन-जूलियन रोजर की जोड़ी तथा अमेरिका के मार्कोस गिरोन और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। लेकिन कई ग्रैंडस्लैम चैंपियन भारत के अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और बेल्जियम के सैंडर गिल की जोड़ी पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से सीधे सेट में 3-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गई। वहीं खबर लिखे जाने तक एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलिपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर और बेल्जियम के डेविड गोफिन से तीसरे सेट का टाई ब्रेकर खेल रहे हैं, तब स्कोर 6-4, 4-6, 6-6 था। भारतीय खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला पुरुष युगल के शुरुआती दौर में एलेक्जेंडर कोवासेविच और लर्नर टिएन की जोड़ी से भिड़ेंगे।

### खबर संक्षेप



#### क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

**लंदन।** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो के खिलाफ हार के साथ अपने पसंदीदा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की 35 साल की क्वितोवा को 10वीं वरीय नवारो के खिलाफ सीधे सेट में 3-6, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2011 और 2014 में यहां खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है। भावुक क्वितोवा ने कहा, 'यह जगह मेरे लिए सबसे अच्छी यादें समेटे हुए है।' उन्होंने कहा, 'मैंने कभी विंबलडन जीतने का सपना नहीं देखा था और मैंने इसे दो बार जीता। यह बेहद खास बात है।' क्वितोवा ने कहा, 'मुझे विंबलडन की कमी खलेगी। मुझे टेनिस की कमी खलेगी, मुझे आप प्रशंसकों की कमी खलेगी लेकिन मैं जीवन के अगले अध्याय के लिए भी तैयार हूं।'

#### एशियाई चैंपियन धाविका ज्योति याराजी चोटिल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को 'कुछ दिन पहले' ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी



उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12.78 सेकेंड) धारक याराजी ने लिखा, 'कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्यपूर्ण चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।'

#### सुधांशु मित्तल फिर चुने गए केकेएफआई के अध्यक्ष, विर्क नए सचिव

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता सुधांशु मित्तल बुधवार को फिर भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष चुने गए जबकि उपकार सिंह विर्क इसके नए सचिव बने।



केकेएफआई की बैठक में हुए चुनाव की देखरेख सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश और निर्वाचन अधिकारी कामिनी लाउ ने की। महाराष्ट्र खो खो संघ के गोविंद शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। पंजाब खो खो संघ के विर्क पिछली संचालन संस्था में संयुक्त सचिव थे जबकि शर्मा कार्यकारी सदस्य थे। खो खो की संचालन संस्था में आठ उपाध्यक्ष और चार संयुक्त सचिव शामिल हैं। परिणामों की घोषणा के बाद मित्तल ने कहा, 'फिर से भारतीय खो खो महासंघ के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपा जाना सम्मान की बात है।'

### टेस्ट सीरीज : इंग्लैंड ने टॉस जीतकर किया गेंदबाजी का फैसला

# गिल का बतौर कप्तान लगातार दूसरा शतक, भारत के 5 विकेट पर 310 रन

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम



कप्तान शुभमन गिल की संयम से भरी लगातार दूसरी शतकीय पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को पांच विकेट पर 310 रन बना लिये। कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह के बगैर अंतिम एकादश में तीन हरफनमौलाओं को लेकर उतरी भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में संतुलित प्रदर्शन किया। लीड्स की ही तरह एडबस्टन की पिच भी बल्लेबाजों की मददगार है और बुमराह की गैर मौजूदगी में भारत को कम से कम 500 रन का स्कोर बनाना होगा। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर गिल 216 गेंद में 114 और रविंद्र जडेज 67 गेंद में 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। गिल ने शोएब बशीर को लगातार स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। वह और जडेजा छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 99 रन बना चुके हैं। पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत ने 42 गेंद में 25 रन बनाये जबकि शार्दुल ठाकुर की जगह चुने गए नीतिश कुमार रेड्डी एक ही रन बना सके। अंतिम सत्र में ये दोनों बल्लेबाज आउट हुए। पंत को बशीर ने लांग आन पर जैक क्रॉली के हाथों लपकवाया। वहीं रेड्डी को क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए। दूसरे सत्र में स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाये। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाये।

### शुभमन ने कहा- तीसरे टेस्ट में खेलेंगे जसप्रीत बुमराह

**बर्मिंघम।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे, जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, 'तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे।' गिल ने कहा, 'हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया।' तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

## हेडिंग्ली में दो शतक लगाकर छठे नंबर पर पहुंचे ऋषभ पंत




एजेंसी ▶▶| दुबई

हेडिंग्ली टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इस टेस्ट में 134 और 118 रनों की पारियां खेली थीं, जिससे रैंकिंग में उन्हें एक स्थान का फ़ायदा हुआ। हालांकि यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नहीं है। उन्होंने 2022 में टेस्ट रैंकिंग में पांचवां स्थान हासिल किया था। पंत के अब कुल 801 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग अंक है। हालांकि वह अब भी नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज जो रूट से 88 अंक पीछे हैं। रूट ने हेडिंग्ली में पहली पारी में 28 और दूसरी पारी में नाबाद 53 रन बनाए थे। पिछले मैच में शतक लगाने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज़ बेन डकेट करियर की सर्वश्रेष्ठ 787 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ बारबाडोस टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक लगाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और वह अब शीर्ष-10 में हैं। हेड ने पहली पारी में 59 और दूसरी पारी में 61 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी। हेडिंग्ली में पांच विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेज़लवुड ने बारबेडोस टेस्ट की दूसरी पारी में 43 रन देकर 5 विकेट झटके थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज़ के जेडन सील्स ने पहली पारी में 60 रन देकर 5 विकेट लिए थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जाडेजा शीर्ष स्थान पर बरक़रार हैं। वहीं साउथ अफ़्रीका के वियान मुल्डर और कॉर्बिन बॉश ने ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ बुलावायो टेस्ट में गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन कर ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के शीर्ष-20 में प्रवेश कर लिया है।

- 800 बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर
- हेडिंग्ली टेस्ट में पंत ने 134 और 118 रनों की शानदार पारियां खेली थीं

### निशानेबाजी

## भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में अंजुम और सौरभ



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन निशानेबाज अंजुम मौदगिल और सौरभ चौधरी हाल में देहरादून में राइफल और पिस्टल के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में अच्छे प्रदर्शन के बाद विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मेहुली घोष के साथ भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हो गए हैं।

भारत की शीर्ष महिला राइफल निशानेबाज और दो बार की ओलंपियन अंजुम अंतरराष्ट्रीय सत्र के पहले हिस्से में शिरकत नहीं कर पाई थीं, जिसमें तीन विश्व कप शामिल थे। लेकिन 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन के बूते वह ग्रुप ए (भारतीय टीम में चयन योग्य) के लिए एनआरएआई (भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ) की ताजा घरेलू रैंकिंग सूची में शीर्ष तीन में शामिल हो गई हैं। विश्व रिकॉर्ड धारी सिफत कौर सामरा (593.38 के औसत से) देश की शीर्ष रैंकिंग वाली थ्री पी महिला निशानेबाज बनी हुई हैं, उनके बाद आशी चौकसे (592.25) और अंजुम (591.68) का स्थान है। श्रीयंका (589.90), मेहुली (588.58) और सुरभि भारद्वाज (588.08) शीर्ष छह में मौजूद हैं।

### सौरभ 10 मीटर एयर पिस्टल में नंबर-1 भारतीय

एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी (583.93 के औसत) पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत के नंबर एक निशानेबाज बन गए हैं। उनके बाद आदित्य मालरा (582.75) और अनमोल जैन (582.33) हैं। अमित शर्मा (582), निशांत रावत (582) और सम्राट राणा (581.45) क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। 2024 एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता मेहुली 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजों में 633.65 के औसत के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। उनके बाद एलावेनिल वलारिवन (633.28) और अनन्या नायडू (632.83) हैं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में सुरुचि 588.25 के औसत स्कोर के साथ पहले स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर और सुरभि राव दोनों ने ट्रायल के बाद 578 का औसत स्कोर किया। मनु 588.65 के औसत स्कोर के साथ 25 मीटर पिस्टल रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अनीश भानवाला 581.25 के औसत के साथ 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के शीर्ष निशानेबाज हैं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में मौजूदा एशियाई चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल 633.98 के औसत के साथ शीर्ष पर हैं।

### डोप टेस्ट से बचने के लिए चार एथलीटों पर लगा प्रतिबंध कम हुआ

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने के लिए लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.3 के तहत निलंबित कर दिया था। यह अनुच्छेद किसी खिलाड़ी के बिना किसी ठोस कारण के नमूना संग्रह के लिए पेश होने से बचने, मना करने या असफल होने से संबंधित है। पहली बार अपराध करने पर अधिकतम प्रतिबंध अवधि चार वर्ष है, लेकिन नाडा नियमों के अनुच्छेद 10.8.1 के तहत अगर खिलाड़ी अपना अपराध स्वीकार कर लेते हैं तो उनकी सजा कम की जा सकती है।

### श्रीकांत कनाडा ओपन के दूसरे दौर में, आयुष हारे

**कैलगरी।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन युवा आयुष शेट्टी हारकर बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पहले दौर के मैच में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 53 मिनट में राजावत पर 18-21, 21-19, 21-14 से जीत दर्ज की। श्रीकांत मई में मलेशिया मास्टर्स में उप विजेता रहे थे। वहीं दूसरे मैच में शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने शेट्टी को 23-21, 21-12 से हराया।

## महिला टी20: अमनजोत और रोड्रिग्स ने लगाया अर्धशतक, दिलाई भारत को शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस तरह से मंगलवार की रात को मिली जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले सप्ताह पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन का योगदान दिया, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।



### भारत की पारी की शुरुआत खराब रही

स्पिनरों की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। जेमिमा और अमनजोत ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमारे लिए जीत का मंच तैयार हुआ।' भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (03), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (01) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाने वाली रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी करके न केवल भारत को 31 रन पर तीन विकेट से उबारा, बल्कि बड़े स्कोर की नींव भी रखी। रोड्रिग्स 15वें ओवर में लॉरेन बेल की गेंद पर सोफिया डंकले के हाथों कैच आउट हो गईं।

### क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट

# गोंजालो गार्सिया के गोल से रियाल मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स (अमेरिका)

गोंजालो गार्सिया ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना तीसरा गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड ने राउंड ऑफ 16 में युवेंटस को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी के कारण गार्सिया ने रियाल मैड्रिड के सभी चार मैचों में शुरुआत की है।

इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 54वें मिनट में हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। गार्सिया को 68वें मिनट में बाहर भेज दिया गया, जबकि एमबाप्पे ने क्लब विश्व कप में पदार्पण किया। बीमारी के कारण वह कुछ समय के लिए अस्पताल में भर्ती रहे और ग्रुप चरण के तीनों मैच में नहीं खेल पाए थे।



### गुइरासी के दो गोल से डॉर्टमंड क्वार्टर फाइनल में

**अटलांटा।** सेरहो गुइरासी ने पहले हाफ में दो गोल किए, जिससे बोरूसिया डॉर्टमंड ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच में मॉन्टेरी को 2-1 से हरा दिया। गुइरासी ने 14वें और 24वें मिनट में गोल किए जो डॉर्टमंड को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त थे। इन दोनों गोल में करीम अदीमी ने उनकी मदद की। वह अपने इस क्लब की तरफ से अभी तक कुल 37 गोल कर चुके हैं। पराजित टीम की तरफ से एकमात्र गोल जर्मन बर्टेरामे ने किया। क्वार्टर फाइनल में डॉर्टमंड का सामना शनिवार को न्यू जर्सी में रियाल मैड्रिड से होगा।



## दलाई लामा बाले, तिब्बती बौद्ध परंपराओं से होगा चयन, चीन ने रख दी सदियों पुरानी 'स्वर्ण कलश पर्ची' की शर्त

# तिब्बती धर्मगुरु के उत्तराधिकारी को लेकर दलाई लामा और चीन में ठनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के हिमाचल-प्रदेश से दशकों से निर्वासन में अपनी सरकार चलाने वाले सर्वोच्च तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा और चीन के बीच तकरार तो जगजाहिर है। लेकिन अब दोनों के बीच जिस मामले को लेकर वाद-विवाद उठ खड़ा हुआ है।

उसका संबंध दलाई लामा की बढ़ती उम्र के चलते तिब्बती धर्मगुरु के उत्तराधिकारी के चयन को लेकर है। दलाई लामा का कहना है कि उत्तराधिकारी के चयन में तिब्बती बौद्ध परंपराओं की प्रधानता रहेगी। चीन की इसमें किसी तरह की कोई भूमिका नहीं होगी। जबकि चीन ने इस पर अपनी आंखे तरेरते हुए चयन के लिए न केवल सदियों पुरानी अपनी स्वर्ण कलश से पर्ची निकालने की शर्त रख



दी है। बल्कि ये भी कहा है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार से पर्ची में निकलने वाले नाम की मंजूरी मिले बिना तिब्बती धर्मगुरु के उत्तराधिकारी का चयन नहीं होगा। यहां बता दें कि 6 जुलाई को दलाई लामा का 90वां जन्मदिन है। उससे ठीक पहले उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के चयन को लेकर यह महत्वपूर्ण बयान दिया है। जिसके जवाब में चीन की यह बेहद तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है।

**दलाई लामा ने खींच दी लक्ष्मण रेखा:** अपने बयान में दलाई लामा ने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी गादेन फोडरंग ट्रस्ट को सौंपी है। जिसकी स्थापना उनके कार्यालय द्वारा वर्ष 2015 में की गई थी। साथ ही ये भी साफ कर दिया है कि वह ट्रस्ट ही होगा जो कि उनके पुनर्जन्म की खोज (उत्तराधिकारी) की पहचान करने और उसकी मान्यता संबंधी तमाम जरूरी प्रक्रिया को पूरा करेगा।

उनके मुताबिक, 15वें दलाई लामा का चयन तिब्बती बौद्ध धर्म से जुड़े समय-सम्मानित रीति-रिवाजों के तहत निदेर्शित होना चाहिए। वहीं, इन सबके बीच ट्रस्ट के अधिकारियों का कहना है कि अगला दलाई लामा किसी भी लिंग का हो सकता है।

**तिब्बती अनुयायियों का मत:** गौरतलब है कि तिब्बती बौद्ध मानते हैं कि स्वयं दलाई लामा के पास यह अधिकार है कि वो किस शरीर में पुनर्जन्म लेंगे। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसका संस्था ने कुल 14 बार पालन किया है। यहां पर तेनजिन ग्यात्सो का जिक्र करना बेहद जरूरी है। जो कि वर्तमान दलाई लामा का वास्तविक नाम है और जिन्हें 14वें दलाई लामा के रूप में वर्ष 1940 में मान्यता प्रदान की गई थी। उस वक्त उन्हें महज चार वर्ष की उम्र में 13वें दलाई लामा थुबतेन ग्यात्सो के अवतार के रूप में चुन लिया गया था।

**चीन का स्वर्ण कलश पर्ची पर जोर:** चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को कहा कि उत्तराधिकारी को चुनने के लिए स्वर्ण कलश पर्ची की प्रक्रिया को अपनाने के साथ ही संबंधित नाम को चीन की सरकार की स्वीकृति भी लेनी पड़ेगी। इसमें चीन की प्राचीन परंपराओं और रीति-रिवाजों का पालन करना पड़ेगा। स्वर्ण कलश पर्ची प्रक्रिया की शुरुआत 18वीं शताब्दी में हुई थी। जिस लिहाज से यह प्रक्रिया करीब 200 से अधिक वर्षों से चली आ रही है। जो दलाई लामा के चयन का एक वैध तरीका है। इतिहास में देखें तो 1792 में किंग राजवंश के सम्राट कियानलांग ने तिब्बत में राजनीतिक नियंत्रण स्थापित करने के लिए इस प्रक्रिया का आगाज किया था।

यह कलश तिब्बती अनुष्ठान बर्तन की नकल करके तैयार किया गया था। जिसका उद्देश्य तिब्बत में चीन के प्रभाव में बढ़ोतरी करना था। चयन प्रक्रिया के दौरान कलश से एक पर्ची निकालकर दलाई लामा के नाम की घोषणा की जाती है।

### 31 मार्च 1959 को भारत पहुंचे दलाई लामा

*दलाई लामा के भारत पहुंचने के पीछे चीन द्वारा 1950 में तिब्बत पर किए गए हमले की शुरुआत बड़ा कारण रहा है। इसके अगले साल ड्रैगन ने तिब्बत पर औपचारिक कब्जा किया था। जिसका तिब्बत समेत दुनिया के कई देशों ने विरोध किया था। वहीं, इस घटना के लगभग 9 साल बाद 1959 में तिब्बत में चीन के खिलाफ एक बड़ा विद्रोह भी शुरू हुआ था। जिसे चीन ने अपनी सेना के बल पर बुरी तरह से कुचल दिया था। बड़ी तादाद में तिब्बती लोगों की चीनी सेना ने निर्ममता के साथ हत्या कर दी थी। इन सबके बीच ड्रैगन सेना का ल्हासा पर कब्जा हो गया। जो दलाई लामा का महल था। उनकी गिरफ्तारी की आशंका के मध्य दलाई लामा ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ 13 मार्च 1959 को तिब्बत छोड़ दिया और अपनी मां, छोटे भाई, बहन, निजी सहायकों और अंगरक्षकों व कई अन्य शिष्यों के साथ भारत की ओर रवाना हुए। जिसके बाद लगभग 13 दिनों की मुश्किल यात्रा कर 31 मार्च 1959 को वह भारत पहुंचे। तत्कालीन पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरकार ने दलाई लामा को सुरक्षित लाने की जिम्मेदारी असम राइफल्स को सौंपी थी। भारत सरकार ने 3 अप्रैल 1959 को दलाई लामा को देश में शरण दी थी। जिसके बाद से वो हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से निर्वासन में ही अपनी सरकार चला रहे हैं।*

## भारत-अमेरिका के रिश्तों में जमी बर्फ पिघली

*ट्रंप का ऐलान भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द*

# जयशंकर की रणनीति से 10 वर्षीय सहयोग के फ्रेमवर्क पर बनी सहमति


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल के महीनों में भारत और अमेरिका के संबंधों में एक असहजता सी आ गई है। लेकिन पिछले 24 घंटों के दौरान दोनों देशों की सरकारों की तरफ से मौजूदा माहौल को दुरूस्त करने की गंभीर कोशिश होती दिखी है।

बुधवार देर रात एक तरफ जहां विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच बैठक में अगले दस वर्षों के सहयोग के फ्रेमवर्क पर सहमति बनी तो दूसरी तरफ व्हाईट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता अब बस होने ही वाला है, इसके लिए दोनों देश एक दूसरे के आयात पर शुल्क भी घटाने को तैयार हैं।

**दोनों देशों एक दूसरे के आयात शुल्क को घटाने हो गए हैं तैयार**





### हथियारों की बिक्री और नए रक्षा सहयोग पर हुई बात

वॉशिंगटन दौरे पर गए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कुछ ही घंटों के अंतराल में वहां विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री हेगसेथ और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से अलग अलग मुलाकात की। तीनों मुलाकातों का अपना व्यापक एजेंडा था। जयशंकर से मुलाकात से पहले हेगसेथ ने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से टेलीफोन पर बात की थी, जिसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से जुड़े कई आयामों पर बात हुई। जयशंकर-हेगसेथ मुलाकात के बाद जारी बयान में अमेरिकी रक्षा विभाग ने बताया है कि इसमें हथियारों की बिक्री और नए रक्षा सहयोग के फ्रेमवर्क पर बात हुई है। दोनों देश अपने क्षेत्र में रक्षा चुनौतियों को अच्छी तरह से समझते हैं और यह भी मानते हैं

### जेवेलिन एंटी गाइडेड मिसाइल खरीदेगा भारत

इस बैठक में जयशंकर व हेगसेथ ने फरवरी, 2025 में पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच रक्षा सौदों को लेकर हुई विमर्श को आगे बढ़ाने पर भी बात की है। बताया गया है कि जेवेलिन एंटी गाइडेड मिसाइल और थल सेना के लिए युद्धक वाहन स्ट्राइकर की खरीद के मामले को भी आगे बढ़ाया गया है। अमेरिका ने बताया है कि भारत की तरफ से छह अतिरिक्त पी-81 समुद्री पेट्रोलिंग एयरक्राफ्ट खरीदने के प्रस्ताव पर भी बात हुई है। जयशंकर ने कहा है कि, अमेरिका व भारत के रिश्ते पहले से ही काफी मजबूत हैं, इसे और मजबूत बनाया जा सकता है।

### अमेरिकी ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश मंत्री रूबियो से मिले जयशंकर

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ऊर्जा मंत्री राइट से मिलने के बाद जयशंकर ने कहा है कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को और विस्तार देने पर बात हुई है। इस बैठक में अमेरिका से ज्यादा पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद पर भी बात हुई है। वर्तमान में भारत अमेरिका के कच्चे तेल का एक बड़ा खरीददार देश है। भारत क्रूड के साथ ही अमेरिका से और ज्यादा गैस खरीदने को लेकर बात कर रहा है। माना जा रहा है कि इस महीने दोनों देशों में जो द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआइटी) होने वाला है उसमें भारत की तरफ से अमेरिकी पेट्रोलियम उत्पादों पर कम आयात शुल्क लगाने की राह खुलेगी।

## आईसीजे ने अदालत की अवमानना में दोषी ठहराया

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को छह महा की जेल की सजा सुनाई

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीजे) ने सजा का ऐलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। आईसीजे की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है। बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी। जिसमें वे कथित तौर पर गोबिंदगंज उपजिला चेयरमैन शकील बुलबुल



से बात करने के दौरान कहा कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है।

### पूर्व पीएम का बयान अवज्ञा: अदालत

आईसीजे ने शेख हसीना के बयान को अवज्ञा माना और उन्हें अदालत को कमतर आंकने का दोषी ठहराया। अदालत ने कहा कि जब दोषी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर देंगे या पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा, उसके बाद ही सजा शुरू होगी। यह सश्रम कारावास नहीं होगा। इसी मामले में आईसीजे शकील बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा सुना चुका है। जांचकर्ताओं ने फोरेंसिक जांच के आधार पर बताया कि ऑडियो क्लिप में शेष हसीना की ही आवाज है।

## ईरान के राष्ट्रपति ने दिया आदेश

# अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग किया निलंबित

एजेंसी ▶▶ दुबई

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने देश के महत्वपूर्ण परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद बुधवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग निलंबित करने का कथित तौर पर आदेश दिया। ईरान की संसद ने



आईएईए के साथ सहयोग निलंबित करने के संबंध में एक कानून पारित किया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। इस कानून को संवैधानिक निगरानी निकाय की मंजूरी भी मिल गई है। विएना स्थित यह एजेंसी वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करती आ रही है। एजेंसी ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ईरान और वैश्विक शक्तियों के बीच 2015 में हुआ परमाणु समझौता ईरान को 3.67 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन की अनुमति देता था, जो किसी परमाणु बिजली संयंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त है, ईरान तब से 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन कर चुका है। उसके पास इतना यूरेनियम भंडार भी है, जिससे वह चाहे तो कई परमाणु बम बना सकता है।

### अफ्रीकी सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत

***मोगादिशु।*** *सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हवाई अड्डे पर अफ्रीकी संघ का एक सैन्य हेलीकॉप्टर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मोगादिशु के अदन अदे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन कार्यालय के प्रमुख अर्तान मोहम्मद ने बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। उनमें से कम से कम तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। हेलीकॉप्टर मूल रूप से युगांडा वायुसेना का था, लेकिन अफ्रीकी संघ का शांति मिशन इसका संचालन कर रहा था।*

### चीनी राष्ट्रपति ब्रिक्स में शामिल नहीं होंगे

***बीजिंग।*** *चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस सप्ताह के अंत में ब्राजील में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे। उनके स्थान पर पीएम ली क्विंग शामिल होंगे। जिनपिंग 12 साल पहले सत्ता संभालने के बाद पहली बार समूह की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पीएम क्विंग 5 से 8 जुलाई तक 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेंगे।*

## रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट: कर्ज के बोझ तले दबी जनता, आर्थिक स्थिति चिंताजनक

# जयराम रमेश ने कसा तंज, अच्छे दिन लाने का वादा कर सत्ता में आई भाजपा ने देश को कर्ज में दबा दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट ने देश की खराब होती अर्थव्यवस्था की ओर इशारा किया है। रिपोर्ट के माध्यम से जो आर्थिक तस्वीर पेश की गई है वो वाकई निराशाजनक है। यह रिपोर्ट न



केवल सरकार की नीतियों पर सवाल उठाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों ने आम भारतीय को कर्ज के दलदल में धकेल दिया है। हालांकि इसके वैश्विक कारण पर बहस की जा सकती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अच्छे दिन के वादे के नाम पर देश की जनता को कर्ज के बोझ तले दबा दिया गया है, जबकि सरकार के पूंजीपति मित्र मुनाफा कमाते जा रहे हैं। रिजर्व बैंक की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति कर्ज में पिछले दो वर्षों में 23 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मार्च 2023 में यह आंकड़ा 3.9 लाख रुपये प्रति व्यक्ति था, जो मार्च 2025 तक बढ़कर 4.8 लाख रुपये हो गया है। यानी, प्रत्येक भारतीय पर औसतन 90,000 रुपये का अतिरिक्त कर्ज चढ़ गया है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब हम देखते हैं कि देश की जीडीपी का 41.9 फीसदी हिस्सा घरेलू कर्ज के रूप में है, जो अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भले ही कम हो, लेकिन आम भारतीय के लिए भारी बोझ बन चुका है।

**आमदनी का बड़ा हिस्सा कर्ज चुकाने में खर्च:** भारतीय परिवार अपनी आय का 25.7 फीसदी हिस्सा केवल कर्ज की अदायगी में खर्च कर रहे हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि बढ़ती महंगाई और घटती बचत के बीच लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज लेने को मजबूर हैं। कुल कर्ज का 55 फीसदी हिस्सा क्रेडिट कार्ड, कई तरह की ईएमआई और अन्य उपभोक्ता ऋणों पर खर्च हो रहा है। इसका मतलब है कि लोग रोजमर्रा की जरूरतों, जैसे कि मोबाइल फोन या अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद के लिए भी कर्ज ले रहे हैं, क्योंकि उनकी आय पर्याप्त नहीं है। असुरक्षित कर्ज का स्तर 25 फीसदी को पार कर चुका है, जो जोखिम भरा है। यह कर्ज वे हैं, जिनके लिए कोई गारंटी या संपत्ति गिरवी नहीं रखी जाती, जिससे डिफॉल्ट का खतरा बढ़ जाता है। भारत का बाहरी कर्ज 736.3 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले साल की तुलना में 10 फीसदी अधिक है। यह वृद्धि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और अमेरिकी डॉलर की मजबूती के कारण भी हुई है। जयराम रमेश ने इन आंकड़ों को आधार बनाकर सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। नोटबंदी, गलत तरीके से लागू जीएसटी और अन्य नीतियों ने छोटे और मध्यम व्यवसायों को तबाह कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई। उन्होंने कुछ प्रमुख बिंदुओं पर जोर देते हुए, बेरोजगारी की दर लगातार बढ़ रही है, और युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे। उन्होंने कहा, किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं, क्योंकि उनकी आय और समर्थन की कमी है। रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू बचत दर में कमी आई है, जो आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा है। ऐसी रिपोर्ट तब सामने आ रही है जब देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जा रहा है। प्रति व्यक्ति कर्ज में इतनी भारी वृद्धि और आम जनता की आर्थिक तंगी चिंता का विषय है।




# राष्ट्रपति ट्रंप बोले– इजराइल, गाजा में 60 दिन के सीजफायर को तैयार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजराइल, गाजा में 60 दिन का सीजफायर करने को तैयार हो गया है। इस दौरान सभी पक्षों से मिलकर युद्ध खत्म करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि अगर उसने समझौते को नहीं माना तो हालात और बिगड़ जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि कतर और मिस्र इस समझौते का



फाइल फोटो

अंतिम प्रस्ताव हमास तक पहुंचाएंगे। ये दोनों देश लंबे समय से शांति लाने की कोशिश कर रहे हैं।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि मेरे लोगों ने इजराइली अधिकारियों से गाजा को लेकर अच्छी बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम को मान गया है। अब हम सभी पक्षों से बातचीत कर जंग खत्म करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि हमास इस प्रस्ताव को मानेगा, क्योंकि इससे बेहतर मौका नहीं मिलेगा। अगर इस बार चूके तो हालात और खराब होंगे। बता दें, इजराइल ने अक्टूबर 2023 में गाजा में हमास के खिलाफ जंग शुरू की थी।

### अमेरिका ने यूक्रेन की सैन्य मदद पर लगाई रोक नहीं देंगे पैट्रियट मिसाइल और एयर डिफेंस सिस्टम

अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता के एक हिस्से को रोक दिया है। अब यूक्रेन को पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाइलें नहीं मिलेंगी। व्हाइट हाउस और अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने इस निर्णय की पुष्टि की है। यह फैसला अमेरिकी सैन्य भंडार की समीक्षा के बाद लिया गया है ताकि अमेरिकी सुरक्षा प्राथमिकताओं को पहले रखा जा सके। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने कहा कि अमेरिका ने अपने सैन्य संसाधनों और वैश्विक सहायता कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा के बाद यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की रक्षा तैयारियों और हितों को ध्यान में रखते हुए, यह निर्णय लेना जरूरी था। यह कदम तब उठाया गया है जब रक्षा विभाग को यह चिंता सताने लगी कि हाल के वर्षों में दी गई भारी सैन्य मदद के चलते अमेरिका का हथियार भंडार काफी कम हो गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109